

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 91 रांची, शनिवार, 14 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## एलपीजी संकट पर संसद के बाहर विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन, लोस में भी हंगामा

**निलंबित सांसदों की बहाली की मांग पर विपक्ष का विरोध**

**विपक्ष बोला – सांसदों का निलंबन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ, सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कर रही कोशिश**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एलपीजी संकट और बढ़ती कीमतों को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर से लेकर लोकसभा तक विपक्ष का जोरदार विरोध देखने को मिला। लोकसभा में जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया और निलंबित सांसदों की बहाली की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित हुई और अंततः लोकसभा को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ गया। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते हुए विपक्षी सांसदों ने एलपीजी संकट और निलंबित सांसदों की बहाली के मुद्दे को लेकर हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने एलपीजी संकट पर चर्चा की मांग की और साथ ही निलंबित आठ सांसदों को बहाल करने की मांग उठाई। इस दौरान कई सांसद अपनी सीट से उठकर नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन का माहौल काफी गर्म हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सांसदों से कहा, कि संसद की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई सदस्य सदन की मेजों पर चढ़कर विरोध करता है तो उस पर कार्रवाई होना स्वाभाविक है। इसके बावजूद जब हंगामा शांत नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई सांसदों ने निलंबित सदस्यों की वापसी की मांग दोहराई। विपक्ष का कहना है कि सांसदों का निलंबन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है और सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।



### सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने को लेकर विपक्ष की तरफ से दोनों सदनों में दिया गया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव दिया गया है। यह प्रस्ताव 10 पन्नों का है जिसमें 7 कारण गिनाए गए हैं, जिनके आधार पर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में दिए गए नोटिस में सदन के 130 सदस्यों और राज्यसभा में दिए गए नोटिस में 63 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। नियमों के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने शुक्रवार को मकर द्वार पर मीडिया से बातचीत में बताया कि उनकी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए संसद में कानून के अनुसार नोटिस दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची से नाम हटाकर जनता को मताधिकार से वंचित किया है, जिसके लिए विपक्षी गठबंधन के साथ मिल कर यह कार्यवाही की जा रही है।



## संक्षिप्त

### गैंगस्टर प्रिंस खान ने दवा कारोबारी से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कोतवाली थाना इलाके में गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक दवा कारोबारी को धमकी दी है। गैंगस्टर ने कारोबारी से एक करोड़ रंगदारी की मांग की है। रंगदारी की धमकी मिलने के बाद से परिवार में डर और भय व्याप्त है। बताया जाता है कि मामले को लेकर दवा कारोबारी संजय राजगढ़िया ने कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं, रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। रंगदारी नहीं देने पर दुकान बंद करने और जान मारने की धमकी मिली है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले की जानकारी मिली है और पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

### सोनिया गांधी से जुड़े मामले में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ मतदाता सूची में कथित जालसाजी को लेकर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन मामले में दायर रिवीजन पिटीशन पर शुक्रवार दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली ये सुनवाई टल गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से सुनवाई टालने की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने नई तारीख दी। ये याचिका वकील विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर की गई है। सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका को सितंबर में खारिज किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी फैसले को त्रिपाठी ने चुनौती दी है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 दिन की उलटी गिनती शुरू

**नई दिल्ली।** बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 दिन की उलटी गिनती शुरू हो गई है। शुक्रवार को विज्ञान भवन में केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने योग महोत्सव-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने गैर-संचारी रोगों और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए 10 नए योग प्रोटोकॉल भी लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और हाबिल्ड के बीच योगा 365 अभियान के तहत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत लोगों को पूरे साल मुफ्त ऑनलाइन योग सत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे योग को अपनी रोजमर्रा की आदत बना सकें।

### मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस को 1,485 आधुनिक वाहन सौंपे

## राज्य में सुरक्षा व्यवस्था होगी और सशक्त : सीएम

### अत्याधुनिक 12 नए थानों का किया ऑनलाइन शिलान्यास

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**मुख्यमंत्री ने कहा – पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर**

**25 वर्षों में पहली बार इतना बड़ा वाहन बेड़ा, जनता की सुरक्षा व विश्वास को देगा मजबूती**

**रांची।** राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर, रांची में आयोजित एक समारोह में झारखंड पुलिस को कुल 1,485 आधुनिक वाहनों का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित होने वाले 12 नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर इन नए थानों की आधारशिला रखी और हरी झंडी दिखाकर पुलिस के लिए आवंटित वाहनों को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शांति, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी पुलिस की है। इन्हें सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक वाहनों का यह लोकार्पण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि नए वाहनों की उपलब्धता से पुलिस बल की गतिशीलता, प्रतिक्रिया क्षमता और क्षेत्रीय निगरानी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### नागरिक सुरक्षा और पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन आधुनिक वाहनों और नए थानों की उपलब्धता से पुलिस की कार्यक्षमता, प्रतिक्रिया समय तथा क्षेत्रीय निगरानी तंत्र में गुणात्मक सुधार होगा, जिससे आम जनता को त्वरित एवं विश्वसनीय सुरक्षा सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राज्य में बेहतर निगरानी व्यवस्था विकसित होगी और अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर होंगे।

## गैस की किल्लत और बढ़ती कीमत पर विधानसभा में सत्ता पक्ष का हंगामा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में राज्य में एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमत और किल्लत को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष के विधायक अपने स्थान पर खड़े हो गए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान उन्होंने गैस की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति में कमी का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की। सत्ता पक्ष के विधायक प्रदीप यादव ने हाथों में अखबार लहराते हुए कहा कि राज्य में लोग गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की किल्लत के कारण कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तक प्रभावित हो रहा है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य में गैस की कोई कमी नहीं है, यह व्यवस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सदन में बेवजह हाय-तौबा मचा रही है।

विधायक सरयू राय ने भी कहा कि यह मूल रूप से व्यवस्था से जुड़ा मामला है और इसे लेकर अनावश्यक रूप से सदन में शोर-शराबा किया जा रहा है। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता चर्चा में शामिल नहीं होते और वहां से बाहर चले जाते हैं, जबकि यहां उनके नेता हंगामा कर रहे हैं।



### रिक्शे से विधानसभा पहुंचे मंत्री इरफान और शिल्पी



**झारखंड** विधानसभा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार को रिक्शे से विधानसभा पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चला रहे थे। जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रिक्शे में बैठी थीं और उनके हाथों में विरोध से जुड़ी तख्तियां थीं। तख्तियों पर पेट्रोल डीजल की मार, जनता हो रही लाचार और महंगी गैस-महंगा तेल, आम आदमी हुआ फेल जैसे नारे लिखे थे।

## एनएचआरसी ने लिया पश्चिम सिंहभूम में नवजात की मौत का संज्ञान, नोटिस जारी

**दो सप्ताह के भीतर मामले पर मांगी है विस्तृत रिपोर्ट**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक नवजात शिशु की कथित मृत्यु का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने रांची स्थित स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव और झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बताया कि 9 मार्च 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 7 मार्च को अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस न दिए जाने के बाद पिता को शिशु के शव को गत्ते के बक्से में रखकर बंगराशाई गांव ले जाना पड़ा। खबरों के मुताबिक, अस्पताल के कर्मचारियों ने परिवार को मृत शिशु के शव को अस्पताल से बाहर ले जाने के लिए मजबूर किया और किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने से इनकार कर दिया था।

### एलपीजी संकट पर पेट्रोलियम मंत्रालय का बड़ा बयान

## रोजाना बुक हो रहे 25 लाख सिलेंडर

**संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेसवार्ता कर वर्तमान स्थिति के बारे में बताया**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में युद्ध की वजह से भारत सहित दुनियाभर में ऊर्जा संकट का खतरा मंडराता जा रहा है। भारत में भी अलग-अलग राज्यों से एलपीजी गैस संकट की खबरें सुर्खियों में हैं। शुक्रवार को पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेसवार्ता कर वर्तमान स्थिति के बारे में लोगों को जानकारी साझा की। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने की सलाह और पैनिक ना करने की अपील की है। संयुक्त सचिव शर्मा ने कहा कि मैं आप लोगों के माध्यम से सभी देशवासियों से अपील करती हूं कि अफवाहों पर विश्वास न करें और पैनिक ना हो। हमारा जो एवरेज बुकिंग है, वह करीब 50 से 55 लाख बुकिंग प्रति दिन है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर करीब 75-76 लाख तक पहुंची है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के कॉल सेंटर को भी मजबूत किया गया है। कॉल सेंटर में सीट्स को बढ़ाकर 400 कर दिया गया है और टेलीफोन लाइनों की संख्या भी बढ़ाकर 50 की गई है। ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग पर भी एक्शन लिया जा रहा है।

## झारखंड के 15 नवप्रोन्नत आईएएस को मिली पोस्टिंग

प्रातः नागपुरी संवाददाता





**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 15 नवप्रोन्नत आईएएस अधिकारियों की विभिन्न विभागों में पोस्टिंग कर दी है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। जारी आदेश के अनुसार दिलेश्वर महतो को गुमला का उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं इश्तियाक अहमद, विधानन्द शर्मा पंकज, संगीता लाल और रोबिन टोप्पो को विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव के रूप में पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा नयन तारा केरकेट्टा, अरुण कुमार सिंह, आलोक शिकारी कच्छप, अनिलसन लकड़ा और नागेंद्र पासवान समेत अन्य अधिकारियों को भी अलग-अलग विभागों में जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारियों की यह पोस्टिंग अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

## पश्चिम एशिया युद्ध की स्थिति में भी अफवाह फैला रही कांग्रेस : मोदी

**प्रधानमंत्री ने असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

एजेंसी



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और युद्ध की परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस देश में अफवाह फैलाने और गलत जानकारी देने में लगी हुई है, जबकि भाजपा-एनडीए सरकार किसानों के हित, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वे 15 अगस्त को लाल किले से दिए गए भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भाषण को सुनें। मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने एक बार कहा था कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भारत में महंगाई बढ़ रही है। आज कांग्रेस के लोग भी उसी तरह देश को गुमराह करने में लगे हैं, जबकि वैश्विक संकटों का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक काम किया है। आज भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों का ध्यान रख रहा है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में गैस पाइपलाइन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है।

### वैश्विक संकट से निपटने में भारत कोई कसर नहीं छोड़ रहा

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने ईरान के खिलाफ इजराइल-अमेरिका की संयुक्त लड़ाई के बाद आए वैश्विक संकट को लेकर प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। जिसमें लिखा- आज युद्ध के चलते जो वैश्विक संकट बना है, उससे निपटने में भारत कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। आजकल बहुत चर्चा एलपीजी को लेकर हो रही है। कुछ लोग हैं जो पैनिक क्रिएट करने की कोशिश कर रहे हैं, अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं। मैं इस समय उन पर राजनीतिक टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि ऐसा करके वह जनता के सामने खुद तो एक्सपोज ही कर रहे हैं और देश का भी बड़ा नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज युद्ध से जो ये वैश्विक संकट आया है, उसके प्रभाव से कोई देश अछूता नहीं है।

## भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत, क्षेत्रीय हालात पर की चर्चा

एजेंसी



**नई दिल्ली/तेहरान।** भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसमें अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बाद क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर इसकी संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार रात ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विदेश मंत्री अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष जयशंकर को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए कथित आक्रामक कदमों तथा उनके क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। अराघची ने कहा कि ईरान की सरकार, जनता और सशस्त्र बल हमलों के खिलाफ अपने वैध आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रामकता की निंदा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ईरानी विदेश मंत्री ने बहुपक्षीय सहयोग के मंच के रूप में ब्रिक्स के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में इस मंच को क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता एवं सुरक्षा के समर्थन में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बाद से डॉ. जयशंकर और अराघची के बीच यह चौथी बातचीत है। पश्चिम एशिया में संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित है।

# खलारी कोयलांचल की मस्जिदों में अदा हुई अलविदा जुम्मा की नमाज

### ईद को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** खलारी कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों व मदरसों में शुक्रवार को रमजान माह के आखिरी जुम्मे यानी अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के खलारी जामा मस्जिद, खलारी बाजारटांड़ मस्जिद, जेहलीटांड़ मस्जिद, हुटाप, धमधमियां, भूतनगर, डकरा और राय सहित कई मस्जिदों में रोजेदारों और नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी।
नमाज के दौरान लोगों ने क्षेत्र, राज्य और देश की खुशहाली व अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। अलविदा जुम्मा को लेकर सभी मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई थीं। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर आने वाले ईद पर्व की अग्रिम बधाई दी। वहीं छोटे बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा गया। खलारी जामा मस्जिद में इमाम नेहाल अख्तर रेआयी ने नमाज से पूर्व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान-उल-मुबारक का यह आखिरी जुम्मा बहुत ही मुकद्दस माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में जो लोग रोजा रखते हैं, पांचों वक्त नमाज अदा करते हैं, कुरान-ए-पाक की तिलावत और तरावीह पढ़ते हैं, उन पर अल्लाह की खास रहमत होती है। रमजान में की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। वहीं धमधमियां मस्जिद में पेशइमाम मौलाना इमामुदीन असरफ ने नमाज के दौरान आसपास के क्षेत्रों और पूरे देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। इधर, ईद पर्व को लेकर क्षेत्र के बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। शाम होते ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा कई स्थानों पर ईद को लेकर विशेष सेवइयों की दुकानें भी सज गई हैं, जहां लोग खरीदारी कर रहे हैं।

# देल बेड़ा मंदिर में चैत पूजा की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न, शामिल हुए सुदेश कुमार महतो

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** प्रखंड के माड़दु स्थित देल बेड़ा शिव मंदिर में आगामी 15 मार्च से होने वाली चैत पूजा की तैयारी को लेकर मंदिर परिसर में एक बैठक मुखिया सोमबारी देवी,की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व उप मुख्यमंत्री सह देलबेड़ा मंदिर पूजा कमिटी संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह शामिल हुए। चैत्र महिने में पूरे माह चलने वाले इस पूजा को सफल संचालन के लिए कमिटी का गठन भी किया गया । सुदेश कुमार महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आस्था के इस केंद्र में चैत्र महिने के दौरान काफी भीड़ होती है। काफी दुर दराज से श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया । इस मौके पर रमेश मुंडा,प्रथम महतो,प्रदीप मुंडा, गणेश चंद्र महतो, कालीचरण पाहन, संजय महतो, जयनाथ लोहरा, धीरेन महतो, तारिणी प्रसाद, फलारी महतो, फणीभूषण महतो, ब्रजेश महतो, हरिदास महतो, मथुर महतो, पशुपति महतो, नवल, सपन, बाला देवी, कोकिला देवी, पबिता देवी, जलेश्वरी देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, रीना देवी, चुनुबला देवी, मंगली देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### कुजू शिबू टोला से अज्ञात व्यक्ति का क्षत विक्षत लाश बरामद



**रामगढ़।** कुजू शिबू टोला के दुधमटिया स्थित बंद पड़े कोयला खदान से कुजू पुलिस ने शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का लाश क्षत विक्षत की हालत बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया। लाश की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह सुबह जंगल की ओर गए तो बंद पडी.खदान से दुर्गंध आ रही थी। जब पास पहुंचे तो देखा कि खदान में जमे पानी में एक व्यक्ति का लाश पडा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुजू पुलिस घटनास्तर पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से लाश को बाहर निकाला। लाश पानी इतना सड गया था कि उसकी पहचान नहीं हो पायी। मृतक के बाएं हाथ में घड़ी, उंगलियों में अंगुठी, जैकेट और ट्राउजर पहना हुआ था।

### श्री रामनवमी पूजा समिति कुजू डटमा मोड़ की बैठक, समिति गठित



**रामगढ़।** जिले के कुजू डटमा मोड के श्री राम नवमी पूजा समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पप्पू ठाकुर ने की एवं संचालन झब्बू चौबे ने किया ।बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने के लिए सर्व समिति से समिति का गठन किया गया। गठित समिति में मुख्य संरक्षक मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, उपाध्यक्ष भोला उपाध्याय, बीरेंद्र करमाली, सचिव अविनाश कुमार चौबे उर्फ झब्बू चौबे, सह सचिव भानु ओझा, कोषाध्यक्ष कोलेश्वर मेहता, उप कोषाध्यक्ष बंशी रजक, प्रदीप गिरि बनें। बैठक में शेखर साव, कौलेश्वर प्रसाद, महेंद्र मिश्रा, पंकज कुशवाहा, अर्जुन रजक, नीरज कुमार, हिमांशु केसरी, प्रतीक केसरी, चंदन केसरी, आनंद साहनी, सूरज प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार, राजेश कुमार सोनी, पंकज सिंह, छोटन प्रसाद, संजय महतो, मनोज सिंह, अजीत महतो सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

# झारखंड विधानसभा में गूंजे जमीन, स्वास्थ्य आरक्षण और वकीलों की सुरक्षा के मुद्दे

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन शुक्रवार को सदन में जमीन म्यूटेशन, भू-राजस्व व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, आरक्षण नीति और अधिवक्ताओं की सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर जोरदार बहस हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। विधायक राजेश कच्छप ने सदन में सवाल उठाते हुए कहा कि दिसंबर 2000 से पहले जमीन खरीदने वाले कई लोग आज तक म्यूटेशन नहीं करा पाए हैं। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने बताया कि अब रजिस्ट्री के बाद जमीन का विवरण ऑटो जेनरेटेड प्रक्रिया के जरिए सीधे रजिस्ट्री कार्यालय से अंचल कार्यालय तक पहुंचता है और वहीं से म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी होती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का म्यूटेशन नहीं हुआ है, वे भूमि उप समाहर्ता (एलआरडीसी) के यहां आवेदन देकर अपने मामलों का समाधान करा सकते हैं।

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि जमीन की रसीद कटवाने के लिए लोगों से पैसे मांगे जाते हैं। वहीं विधायक नवीन जायसवाल ने सुझाव दिया कि पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर जमीन से जुड़े लंबित मामलों को ऑनलाइन किया जाए। विधायक अमित यादव ने भी एक पुराने दखल-दिहानी आदेश पर कार्रवाई नहीं होने का मामला उठाया, जिस पर मंत्री ने पुनः सुनवाई का आश्वासन दिया।

**तोरपा अस्पताल में सुविधाओं की कमी का मुद्दा :** विधायक सुदीप गुड़िया ने तोरपा रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके कारण गर्भवती महिलाओं को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड टेक्नीशियन की व्यवस्था कर दी जाएगी। इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने तंज करते हुए कहा कि मंत्री पटना से डॉक्टर बुलाने की बात कर रहे थे, उन्हें ही तोरपा भेज दिया जाए।

**आरक्षण और सामाजिक योजनाओं पर सरकार घिरी :** विधायक नीरा यादव ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बजट पर कटौती प्रस्ताव रखते हुए सरकार पर ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा पूरी नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया है और जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों और छात्रावासों की स्थिति पर भी चिंता जताई।

**अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कानून की मांग :** सदन में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि यह मामला बार काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़ा हुआ है और सरकार विभिन्न स्तरों पर इस पर विचार कर रही है।

### झारखंड विधानसभा में उठा सीआईपी के संविदा सुरक्षाकर्मियों का मुद्दा

**पिठोरिया।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने शुक्रवार को विधानसभा में केंद्रीय मनोचिकित्सक संस्थान (सीआईपी) में पिछले 15-20 वर्षों से कार्यरत 156 संविदा सुरक्षाकर्मियों के मामला को उठाया। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2026 से सभी सुरक्षाकर्मियों को हटाकर होमगार्ड बहाल कर दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि हटाए गए संविदा कर्मी पिछले डेढ़ महीने से हड़ताल पर हैं। इनके भविष्य ओर अनुभव को देखते हुए इन सुरक्षाकर्मियों को अविलंब पुनः बहाल करने की मांग सदन से की। विधायक के इस पहल से 156 संविदा कर्मियों में राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

### इटकी के मस्जिदों में रमजान के चौथे जुमे पर हजारों रोजेदारों ने की नमाज अदा



**इटकी।** प्रखण्ड के मुख्य जामा मस्जिद के अलावा दर्जणों मस्जिदों में शुक्रवार को माह- ए- रमजान उल मुबारक महीने का चौथे जुमे की हजारों रोजेदारों ने नमाज अदा की। निर्धारित समय से पूर्व ही बड़ी संख्या में रोजेदारों का मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गया था। देखते ही देखते मस्जिद परिसर में नमाजियों से अट गया। खाश कर मुख्य जामा मस्जिद में नमाज अदा के लिए रोजेदारों की भारी भीड़ देखी गई। मौलानाओं और उलेमाओं के अगुवाई में हजारों रोजेदारों ने चौथे जुमा का नमाज अदा की और राज्य और देश की खुशहाली,अमन व सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी। इधर मदीना मस्जिद, तैयदा मस्जिद, जाफर मस्जिद, आयसा मस्जिद, मस्जिदे नूर, मस्जिदे आशिया, मस्जिदे उमेसलमा, दर्सगाह स्कूल, मक्का मैरेज हॉल के अलावे मोरो, सुलतान नगर, बारीडीह, कुन्दी, रेलवे स्टेशन, टुरुगुरु, रानीखटंगा, पलमा, गड़गांव, कुर्गी सहित अन्य गांवों के मस्जिदों में हजारों की संख्या में रोजेदारों ने चौथा जुमा का नमाज पढ़ा।

### यूनिसेफ प्रतिनिधियों ने स्कूल का किया निरीक्षण



**सोनाहातू।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू में सात राज्यों के यूनिसेफ के प्रतिनिधि ने विद्यालय का अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया। जिसमें छत्तीसगढ़,बिहार, गुजरात, प० बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं झारखंड राज्यों के यूनिसेफ के मुख्य प्रतिनिधि ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, इको क्लब, जलसेना,ऊर्जा ऑडिट, कचड़ा प्रबंधन, महामारी कक्ष, स्वच्छता , लैब , लाइब्रेरी , गार्डेन , आर्चरी इत्यादि का परिभ्रमण किया । विद्यालय की बाल संसद छात्राओ की क्रियाकलापों का प्रदर्शन , कार्यों एवं छात्राओं के आत्मविश्वास देखकर टीम बहुत प्रभावित हुए ।बाल संसद के प्रधानमंत्री अलका कुमारी,इको क्लब के लिया सिंह, रबीना कुमारी, नीतू कुमारी की सक्रियता की दूसरे राज्यों से आये हुए प्रतिनिधि ने प्रशंसा की तथा इस विद्यालय के क्रियाकलापों का अपने राज्य में लागू करने की बात कही टीम ने कहा कि झारखंड राज्य में कस्तूरबा गांधी विद्यालय का मॉडल अन्य राज्यों से बेहतर है तथा यह विद्यालय अन्य अभी विद्यालयों के लिए आदर्श है । इसके पूर्व 10 मार्च को यूनिसेफ के चीफ अफ्रीकन मूल के पोलूस वर्कने ने भी विद्यालय का भ्रमण किया था और छात्राओं की बहुत प्रशंसा की थी । मौके पर झारखंड राज्य के यूनिसेफ से गौरव वर्मा, नागेश परिहार, सुधाकर रेडी, वीके सतप्पति, वॉर्डन सरोजिनी टोप्पो, शशिबाड़ा, सौरभ सिंह, राजाराम लोहरा और कृष्ण चंद्र महतो आदि मौजूद थे।

### सिल्ली हरिमंदिर जीर्णोद्धार कार्य जारी जून महीने तक होगी पूर्ण

**सिल्ली।** सिल्ली बजार के हाट बगान स्थित हरि मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य हो रहा है। पुराने जर जर छत को छोड़कर नये छत का ढलाइ कार्य पूर्ण हो चुका। वहीं मंदिर के पर्स पर मार्बल एवं परिक्रमा दीवाल पर टाइल्स लगाया जाना है। मंदिर का यह कार्य ग्रामीणों के सहयोग से हो रहा है। आगामी जून महीने तक जीर्णोद्धार कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां हर दिन राधा कृष्ण की पुजा होती है, इसके अलावे हर वर्ष नव दिवसीय अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास के गांव के ग्रामीण शरीक होते हैं। मंदिर समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव एवं कोषाध्यक्ष कांचना सोनार ने जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर जीर्णोद्धार कार्य समय पर पूर्ण करने में लगे हुए हैं।

# कौशल प्रशिक्षण देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास : राजेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जन शिक्षण संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के तपकरा स्थित सामुदायिक भवन में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।
इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के एफएलसीसी प्रतिनिधि एमलेन ललिता जोजो ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं आसानी से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को बचत, ऋण सुविधा और वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारी रामजी यादव ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच पुलिस प्रशासन से संपर्क करने को कहा कार्यक्रम के दौरान 80 सफल प्रशिक्षुओं में प्रमाण पत्र वितरण किया।

# कोयला लोड हाईवा पलटा, चालक केबिन में फंसा, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** कोयलांचल क्षेत्र के भेलवाटांड़ के समीप मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोयला लोड एक हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने बड़े गड्ढे में पलट गया। हादसे के बाद वाहन का चालक केबिन में ही फंस गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा कोयला लेकर मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने बड़े मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को गड्ढे से बाहर निकाला। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

# कांके में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम 19 को, शोभायात्रा 21 को

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**कांके।** सरहुल पर्व को लेकर कांके सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो की अध्यक्षता में सरना मैदान में बैठक हुई। अध्यक्ष रंजीत टोप्पो व महासचिव बिनोद सांगा ने बताया कि 19 मार्च को सरना मैदान कांके में देर रात सरहुल पूर्व संध्या नागपुरी सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सुरेश कुमार बैठा करेंगे। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। स्थानीय कलाकार पवन, नितेश कच्छप, सुमन गुप्ता, अविनाश नायक, ललिता देवी, पंकज उरांव, राजू केरकेट्टा देवी और राज मौर्य द्वारा नागपुरी गीत-संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 21 मार्च को अपने-अपने मौजा के पहानों द्वारा पारंपरिक पूजा-अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा पारंपरिक परिधान और ढोल-मांदर के साथ कांके सरना मैदान पहुंचेगी। शोभायात्रा में शामिल लोगों का सरना समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। बैठक में संरक्षक पेपला उरांव, डॉ. जगन्नाथ उरांव, एतवा गाड़ी, हेमंत टोप्पो, डॉ. बसंत उरांव, फुलमनी टोप्पो, अनुराधा टोप्पो, सुमित्रा टोप्पो, महादेव मुंडा, अनीता गाड़ी, वैद्यनाथ पाहन, महासचिव बिनोद सांगा, कोषाध्यक्ष देवा उरांव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा राजन, भगत उरांव, भुगोल उरांव, अर्जुन गाड़ी, सचिव डॉ. प्रकाश उरांव, सूरज टोप्पो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बांधगढ़ा दिलावर मस्जिद में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**बुढ़मू।** प्रखंड स्थित बांधगढ़ा दिलावर मस्जिद में रमजान के पवित्र महीने के आखिरी असरे पर नौजवान कमिटी के द्वारा दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव सहित प्रखण्ड के ओहदेदारान रोजेदार स्थानीय लोगो ने भाग लिया।
इफ्तार से पहले सभी लोगों ने अल्लाह की इबादत की और देश तथा समाज में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली की दुआ मांगी अजान होते ही खजूर, फल, शरबत और अन्य व्यंजनों के साथ रोजा खोला गया। बाहर से आए मेहमान इस इफ्तार पार्टी का जम कर वाहवाही किया यह देखकर कि ताजा सखुवा पत्ता की पतल और दोना का उपयोग किया गया था जिस से स्वाद और ताजगी और बढ़ा हुआ था गांव के लोगों ने कहा कि पूर्वजों की सभ्यता को भूलना नहीं चाहिए और इफ्तार ही नहीं हर प्रोग्राम में इसका उपयोग होगा तो प्लास्टिक से होने वाले घातक बीमारी से कोसों दूर रहेंगे
कार्यक्रम का आयोजन बांधगढ़ा के शाहरुख उर्फ शेरू के द्वारा किया गया। शाहरुख ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में आपसी भाईचारा और एकता को बढ़ावा मिलता है।
इस मौके पर मस्जिद कमिटी के सदर हाजी मनीरुद्दिन अंसारी, उप सदर इमरान अंसारी, सेक्रेटरी युनुस अंसारी, समसाद, सलमान हसीब नौशाद खान, गुलशद राजा, पत्रकार मेहरबान अंसारी मजीबुल अंसारी, वारिश, इबरार खान और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। सभी ने मिल-जुलकर इफ्तार किया और रमजान के पवित्र महीने की अहमियत पर चर्चा की और प्रखण्ड के लोगो को ईद की मुबारक बाद भी दिया।

# माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जय माता दी यात्रा मंच सिल्ली के तत्वाधान में शुक्रवार को 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था कटरा के लिए मुरी स्टेशन से गरीब रथ ट्रेन से रवाना हुए। मंच के संतोष साव, चिंटू साव ने कहा कि पिछले 14 साल से लगातार मंच के मध्यम से काफी संख्या में श्रद्धालु वैष्णो देवी दर्शन के लिए जाते हैं। माता वैष्णो देवी की दर्शन से जीवन में आत्म विश्वास, नई ऊर्जा एवं समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को मानने वाले श्रीमाता वैष्णो देवी की महिमा गाते है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्मशास्त्रों में कलयुग में लोगों के कष्ट हरने के लिए देवी-देवताओं के नाम जप के साथ-साथ कथाएं भी बेहद उपयोगी है। उन्होने कहा कि मन में सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए, देवी देवता कृपा अवश्य करते हैं। इस दौरान ये जत्था मथुरा दर्शन तथा आगरा समेत कई जगहों का भ्रमण करेंगे। जत्थे में चितरंजन महतो, तारकेश्वर महतो, कार्तिक कोइरी, लखीराम, संतोष कोइरी, शशि भूषण, लाल बहादुर शास्त्री,विनीता देवी,पूनम देवी, मंजू देवी ,ओम प्रकाश महतो, सीमा देवी, अंजन कुमार, रंजना देवी, धीरज महतो, आदि शामिल हैं।

# रांची के हर वार्ड में खुलेगा कार्यालय : रोशनी खलखो

## रोटरी क्लब ने मेयर समेत अन्य महिला सदस्यों को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में अयोजित कार्यक्रम में रांची की नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलखो शामिल हुई। इस अवसर पर क्लब की महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब की ओर से मेयर को भी सम्मान प्रदान किया गया। मौके पर मेयर ने रांची शहर के विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की प्राथमिकताओं का खाका पेश किया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सेवाओं को आम लोगों के करीब लाने के लिए शहर के सभी 53 वार्डों में वार्ड कार्यालय खोले जाएंगे, ताकि छोटे-मोटे काम वार्ड स्तर पर ही निपट सकें। लोगों को निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।




मेयर ने बताया कि शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए डैम ब्रिज और डैम निर्माण, पार्कों का विकास एवं संकरी सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, बिजली और अन्य नागरिक सुविधाओं को भी मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मेयर ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए सरकार के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने रोटरी क्लब से विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली महिलाओं में मुख्य रूप से डॉ. भावना तनेजा, कांता मोदी, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, रितिका लखोटिया, रिचा, निशी जायसवाल, पायल सूद, जसबीर वासु, शिखा अग्रवाल, अंशु बहल, ऋतु अग्रवाल, अर्चना, आरना अग्रवाल तथा प्रीशा अग्रवाल शामिल रहीं। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने भी रांची के विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया। धन्यवाद राजीव मोदी ने दिया।

# जेसीआई रांची ने लाबेद गांव में स्टील की बोतलों का किया वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जेसीआई रांची द्वारा आज लाबेद गाँव में 'बोतल वितरण' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सस्टेनेबल सिपिंग पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को हानिकारक प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर सुरक्षित और टिकाऊ स्टेनलेस स्टील की बोतलें प्रदान करना है। इस विशेष अवसर पर जेसीआई इंडिया (क्षेत्र-ए) के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट (एनवीपी) जितेश आडवाणी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं ग्रामीणों को बोतलें वितरित कीं। शुद्ध पेयजल के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जेसीआई रांची के अध्यक्ष अभिषेक जैन ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लाबेद का हर निवासी शुद्ध और सुरक्षित जल का सेवन करे। प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर यह हमारा एक छोटा लेकिन प्रभावी कदम है। इस सफल आयोजन में साकेत अग्रवाल-सचिव, ऋषभ जैन-कोषाध्यक्ष, अंकित मोदी- निदेशक (लाबेद), राहुल टीबरेवाल-प्रोजेक्ट चेयरमैन, अभ्युदय मोदी-को-प्रोजेक्ट चेयरमैन, रौनक सिन्हा, सिद्धार्थ जैन, तरुण अग्रवाल, विशेष वशिष्ठ, अनिश जैन, मेहुल अग्रवाल शामिल थे।




## संक्षिप्त

### 18-19 मार्च को होगी एएनएम भर्ती परीक्षा 3181 पदों पर नियुक्ति

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड एएनएम प्रतियोगिता परीक्षाझ2025 को लेकर आवश्यक सूचना जारी की है। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के कुल 3181 पदों (बैकलॉग सहित) पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा 18 और 19 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। आयोग के अनुसार परीक्षा रांची मुख्यालय स्थित विभिन्न कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को उनकी परीक्षा तिथि की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल पर संदेश के माध्यम से भी भेजी जाएगी। अभ्यर्थी 14 मार्च 2026 से अपना प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। इसके लिए आवेदन में दर्ज ई-मेल या पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि का उपयोग करना होगा। आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र की एक अतिरिक्त प्रति और दो पासपोर्ट आकार की फोटो साथ लेकर आएं। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन या कदाचार से दूर रहने की चेतावनी भी दी गई है।

### पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 115 मामले सुलझे

**रांची।** व्यवहार न्यायालय रांची स्थित मध्यस्थता केंद्र में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज समापन हो गया। यह मध्यस्थता अभियान माननीय न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा श्री सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई है। दिनांक 09.03.2026 से विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू हुआ था। उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन 15, दूसरे दिन 15, तीसरे दिन 20, चौथे दिन 11 और अंतिम दिन 54 मामलों को अधिवक्ता मध्यस्थ, विशेषज्ञ मध्यस्थत एवं दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं की सुझबूझ एवं अथक प्रयास से सफलतापूर्वक सुलझाया गया। बताते चले कि शुक्रवार को अंतिम दिन कुल 54 मामले विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें से सभी 54 मामलों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझा लिया गया।

## जिलास्तरीय सहिया सम्मेलन सह सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन

# झारखंड के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : शशि प्रकाश

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के सदर अस्पताल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अतिथि के तौर पर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शशि प्रकाश झा शामिल हुए। कार्यक्रम का थीम सेलीब्रेटिंग कम्युनिटी लीडर्स था।




**राज्य की 57 सहियाओं के पीआरआई मेंबर बनना गर्व की बात : निदेशक**

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि राज्य स्तर से सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि सहियाओं को उनकी प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर मिले, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे और अधिक उत्साह के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने बताया कि राज्य की 57 सहिया पीआरआई मेंबर बनी हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने सभी सहियाओं को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज गांवों में जितने भी बच्चों का जन्म होता है, उनकी माताओं को सहिया कर्मी भली-भांति पहचानती हैं। सुरक्षित प्रसव, मातृ और शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहियाओं का बहुमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता फैलाने और किशोरियों को स्वास्थ्य केंद्र तक लाकर टीकाकरण कराने में सहिया कर्मियों की अहम भूमिका है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं सहिया :** वहीं सिविल (सीएस) सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि सहिया दीदी ग्रामीण और शहरी समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति समुदाय को जागरूक करने में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। साथ ही सहिया स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। सदर अस्पताल सहिया दीदी के सहयोग से आगे बढ़ा है। आज सदर अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई, मैमोग्राफी और अन्य सभी तरह का स्वास्थ्य जांच होता है, जो आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क है। यदि किसी के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है तो उनका जांच बहुत ही कम पैसे में होता है। साथ ही डॉ प्रभात ने कहा कि अगले सप्ताह से सदर अस्पताल में पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी का विभाग शुरू होने वाला है। झारखंड में पहली बार किसी सरकारी अस्पताल में यह विभाग शुरू होने जा रहा है।

## रांची एयरपोर्ट पर एनडीआरएफ ने किया सीबीआरएन आपदा से निपटने का अभ्यास

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने बिरसा मुंडा हवाईअड्डा में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) आपदा से निपटने के लिए मॉक अभ्यास किया। यह अभ्यास हवाई अड्डे पर चल रहे तीन दिवसीय सीबीआरएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित सीबीआरएन आपदा की स्थिति में हवाईअड्डा प्रबंधन और विभिन्न एजेंसियों की तैयारी, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण करना था। मॉक अभ्यास के दौरान एक काल्पनिक आपदा की स्थिति तैयार कर उससे निपटने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इसमें दिखाया गया कि रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल या परमाणु खतरे की स्थिति में किस प्रकार त्वरित कार्रवाई की जाएगी और लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी।



## दो दिवसीय संदूक एग्जीबिशन का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित होटल रमादा में दो दिवसीय संदूक एग्जीबिशन शुरू हुआ। इसका उद्घाटन शुक्रवार को नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलको ने किया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से रांची के लोगों को महानगरों जैसा शॉपिंग अनुभव मिलता है। स्थानीय स्तर पर फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े नए अवसर भी पैदा होते हैं।



अदिति मेवाड़ा, पलानी जैन और पलक नरेडी ने बताया कि संदूक एग्जिबीशन का उद्देश्य रांची के लोगों को महानगरों जैसा प्रीमियम शॉपिंग अनुभव उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में देशभर के चुनिंदा डिजाइनर्स और ब्रांड्स अपने विशेष कलेक्शन के साथ शामिल हुए हैं। यहां महिलाओं और बच्चों के लिए वेस्टर्न वियर, इंडियन वियर, डेली वियर से लेकर हैवी वियर तक के आकर्षक परिधान उपलब्ध हैं। इसके साथ ही ट्रेंडी पर्स, ऑथेंटिक लग्जरी बैग्स, स्टाइलिश फुटवियर, फैशनेबल ज्वेलरी, जंक ज्वेलरी, पोटलियां, नाइटवियर, होम फर्निशिंग और ब्लॉक प्रिंटेड कॉटन दोहर जैसे कई खास उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है। प्रवेश निशुल्क है।

# शतरंज चैंपियनशिप का समापन, विजेता किए गए पुरस्कृत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 का समापन 13 मार्च को हुआ। इस अवसर पर रैपिड कैटेगरी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली और हरि माधवन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को 75,000 रु. से पांच हजार रु. तक की राशि से पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट की ब्लिट्ज कैटेगरी में महाराष्ट्र के पुराणिक अभिमन्यु, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सायंतन दास और तमिलनाडु के हरि माधवन को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कैटेगरी में विजेताओं को 50,000 रु. से लेकर पांच हजार रु तक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के दौरान रांची जिला शतरंज संघ और ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडे, आशीष साहू, सुनील कालरा, मृदुल कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति समेत समस्त प्रतिभागियों को राज्य शतरंज संघ के संरक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।




## रसोई गैस की किल्लत से मंदिर और आश्रम की सेवा व्यवस्था प्रभावित

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित स्वामी सदानंद महाराज की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से सेवा कार्य प्रभावित हो रहा है। मंदिर और आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस संबंध में ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन नि:शुल्क खिचड़ी का भंडारा आयोजित होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। साथ ही हर रविवार को अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन पिछले 05 वर्षों से हो रहा है। वहीं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 50 से अधिक निराश्रित और सेवादारों को रोजाना तीनों समय का भोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की लगातार कमी से भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित विभाग को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में जल्द समाधान करने चाहिए। उन्होंने बताया कि सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए ट्रस्ट आश्रम में चूल्हा लगाने पर भी विचार कर रहा है।



## बीआईटी मेसरा लालपुर में नजरिया आयोजित




रांची। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर यूनिट की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नजरिया आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ विजय कुमार झा ने कहा कि आज विश्व् की कोई भी देश महिलाओं की भागीदारी के बगैर विकसित नहीं हो सकती। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। डॉ अमृता प्रियम ने कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे देख सकते हैं। हमने महिला विश्वी कप जीत कर पूरे देश में महिलाओं का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने महिला के प्रति सम्मान करने का आान छात्रों से किया। कार्यक्रम में डॉ श्रावणी, डॉ मिली दत्ता, डॉ अमृता सरकार, श्रीमती मिनि दुबे, एलिश प्रीति, अनामिका, सरिता, डॉ आशुतोष मिश्र, डॉ सौमित्रो, खालिद असरफ, डॉ उमेश प्रशाद, सोनी कुमारी, वोनीमा तिग्गा, डॉ महुवा बनर्जी सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। मौके पर पेंटिंग, भाषण और कविता महिलाओं से संबंधित विषयों पर आयोजित किया गया।

## सीसीएल सीकेएस मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



रांची। सीसीएल सीकेएस मुख्यालय में महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व मुख्यालय शाखा सचिव अनूप सिंह और उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता देवी, महामंत्री शशि भूषण सिंह ने किया। इसमें महिलाओं को मौलिक अधिकार और संवैधानिक चेतना के बारे में अवगत किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ढाई सौ से तीन सौ महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। आयोजन में मुख्यालय के सीकेएस के मंत्री शंभू सिंह, मुख्यालय अध्यक्ष शशिभूषण कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज सहाय, अरुण मिश्रा, अर्चना कुमारी, निशा कुमारी, किट्टी कुरियन, छवि सहदेव, राजेश्वर दे इत्यादि मौजूद थे।

# मत्स्य कृषकों के बीच परिसम्पतियों का किया गया वितरण

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान के मुंबई केन्द्र के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। इसका विषय मत्स्य उत्पादों का स्वच्छता और उसका देखभाल तथा सर्वोत्तम जलकृषि प्रबंधन था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मत्स्य निदेशक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि मछली का बेहतर दाम मिले, इसके लिए बिक्री स्थल पर साफ-सफाई, मछलियों को स्वच्छ रखने व मछलियों का मूल्य संवर्धिन जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का लाभ तब हो सकता है, जब किसान बताए गये तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने सीआईएफटी के विशेषज्ञों से अनुरोध किया कि इस तरह का प्रशिक्षण प्रत्येक जिले में हो।



इस प्रशिक्षण में सीआइएफटी, मुंबई से आए हुए वरीय वैज्ञानिक डॉ अभय कुमार ने किसानों को प्रस्तुति दी, जिसमें प्रसंस्करण और विक्रेताओं को दिशा निर्देश की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी जयंत रंजन, सीआइएफटी के तकनीकी पदाधिकारी तुलसी राम बाघमारे भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतिम दिन इनपुट का वितरण किया गया। इसमें, बीज, फांस जाल, फीड, लाइव जैकेट, इंसुलेटिंग बैग, आइस बाक्स आदि प्रमुख सामग्री थे। कार्यक्रम का संचालन मंजूश्री तिर्की ने किया। उप मत्स्य निदेशक (योजना) संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण केन्द्र में नित्य नये-नये विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहते हैं। उन्होंनने मछली पकड़ने की विधि से लेकर विपणन तक स्वच्छता का ध्यान रखने पर बल दिया।

प्रशिक्षणार्थियों को मूल्य संवर्धित उत्पाद जैसे मछली का अचार, पापड़ कटलेट, फीश फिंगर, फिश फिलेट, फिश स्टीक आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महेशपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति गेतलसूद, अनगड़ा, पतराटोली मत्स्यजीवी सहयोग समिति, धुर्वा डैम के करीब 55 किसान उपस्थित थे। प्रशिक्षण झारखंड के अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों के लिए आईसीएआर-सीआइएफटी, कोचीन के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआर-सीआइएफटी, कोचीन के प्रधान वैज्ञानिक और एससीएसपी के नोडल अधिकारी एस. सुरेश और आईसीएआर-सीआइएफटीके निदेशक डॉ. जॉर्ज निनन के नेतृत्व में किया गया।

# झारखंड में तापमान पहुंचा 39 डिग्री के पार, बढ़ेगी गर्मी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मार्च महीने में ही डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.2 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में तापमान 36 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया है। राज्य में सबसे अधिक गर्म जिले चाईबासा, सरायकेला और जमशेदपुर हैं, जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। चाईबासा में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री, सरायकेला में 37.2 डिग्री और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



इधर, मौसम विभाग ने 17 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.2 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## पेट्रोलियम व्यवसायियों की समस्यायें सुनी, एसडीएम ने कड़े निर्देश भी दिए

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम के तहत क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों एवं एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की। इसमें पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली एवं कृत्रिम अभाव जैसी अनियमितताओं पर सख्त नियंत्रण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा गढ़वा सदर प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी उपस्थित थे।




एसडीएम ने बैठक में सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे उपलब्ध भंडार के अनुसार नियमित एवं पारदर्शी ढंग से बिक्री सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने, आपूर्ति रोकने अथवा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से वापस करने जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें। सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं एलपीजी वितरकों को अपने प्रतिष्ठानों पर दैनिक भंडार एवं बिक्री का अद्यतन अभिलेख संधारित रखने का निर्देश दिया। बताया कि गठित जांच दल द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की बिक्री केवल निर्धारित दरों पर ही की जाए। किसी भी प्रकार की अधिक मूल्य वसूली, कालाबाजारी, अवैध भंडारण अथवा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की स्थिति पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने निर्देश दिया कि पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री प्लास्टिक बोतल, गैलन अथवा ऐसे असुरक्षित कंटेनरों में न की जाए। सामान्यतः ईंधन की आपूर्ति केवल वाहनों के ईंधन टैंक में ही की जाए, ताकि अवैध भंडारण एवं संभावित दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। ने कहा कि पेट्रोल पंप संचालक विशेष परिस्थिति में अपने स्वविवेक का इस्तेमाल करते हुए कृषि कार्य, जनरेटर उपयोग एवं ऐसे ही जरूरत से जुड़े उपभोक्ताओं को तेल सीमित मात्रा में कंटेनर में दिया जा सकता है, किंतु ये कंटेनर प्लास्टिक के नहीं हों। उक्त आपूर्ति किसी रीसेल के लिए न हो। सभी पेट्रोल पंप एवं एलपीजी एजेंसियों को अपने प्रतिष्ठानों पर निर्धारित दर सूची के अलावा एलपीजी बुकिंग के लिए कंपनी का मोबाइल/ व्हाट्सएप नंबर एवं शिकायत से संबंधित पेट्रोलियम कंपनी का केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का यथासंभव त्वरित निवारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## एसीबी की टीम ने प्रधान सहायक को घूस लेते किया गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** दुमका एसीबी की टीम ने शुक्रवार को देवघर जिला भू अर्जन कार्यालय के कार्यरत प्रधान सहायक को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भू अर्जन कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक ने एक व्यक्ति से जमीन से जुड़े मामले में फाइल को आगे बढ़ाने के एवज में बीस हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत एसीबी से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने पूरे मामले की जांच की। जाल बिछाकर कार्रवाई सुनिश्चित की। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जैसे ही प्रधान सहायक ने शिकायतकर्ता से



बीस हजार रुपये रिश्वत लिया, पहले से घात लगाए एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से पूरी रिश्वत की रकम की बरामद की गई। भू अर्जन कार्यालय में एसीबी का छापा के दौरान कर्मी निरंजन और नुनुदेव को गिरफ्तार कर लिया गया। इसे दुमका रिंग रोड से सम्बंधित मुआवजा के नाम पर घूस लेने का मामला बताया जा रहा है। इस घटना मामले को लेकर विभाग में हड़कंप मची हुई है।

### संक्षिप्त

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस के पास शुक्रवार सुबह ठेला पर सोए एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में स्थानीय दुकानदार बबन यादव ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास थी और वह पिछले करीब दस वर्षों से इलाके में कचरा चुनकर अपना गुजारा करता था। वह अक्सर आसपास की दुकानों के बाहर रात में सो जाया करता था। बताया जाता है कि पास में लिट्टी बेचने वाले शुक्ला जी का ठेला करीब एक वर्ष से बंद पड़ा है। मृत व्यक्ति उसी ठेला पर रात के समय सोया करता था। शुक्रवार की सुबह जब आसपास के लोगों ने उसे देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक संभवतः ओडिशा का रहने वाला था, हालांकि उसकी सही पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के झुरकुली और गोविंदपुर रेलवे फाटक के पास से शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के किनारे शव पड़ा देख इसकी सूचना तुरंत गम्हरिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब आठ बजे आसपास के लोगों की नजर रेलवे पटरी के किनारे पड़े एक क्षत-विक्षत शव पर पड़ी। शव की स्थिति देखकर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी । थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर मौत होने का प्रतीत हो रहा है।

# विद्यालय के औचक निरीक्षण में मिली कई गंभीर गड़बड़ियां

**आयुक्त ने चैनपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय आज चैनपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन एवं अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। इसपर आयुक्त ने प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।
निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कुछ शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इसके कारण कई छात्राएं कक्षा से बाहर निकलकर शोरगुल कर रहीं थीं।



आयुक्त ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्राओं से कई सामान्य प्रश्न पूछे गये, परंतु कई छात्राएं सरल प्रश्नों का भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पायीं। ऐसी स्थिति पर उन्होंने संबंधित वर्ग शिक्षकों एवं प्राचार्य को सही से तरीके से अध्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पहली जिम्मेदारी विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करना है।
आयुक्त ने विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन की दैनिक खपत-सह-स्टॉक पंजी, दैनिक उपस्थिति सारांश सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच की। जांच में कई पंजी अद्यतन नहीं पाये गये। मार्च माह के कॉलम पूरी तरह खाली थे। मध्याह्न भोजन से संबंधित संचिका में भी प्रविष्टियां स्पष्ट नहीं थीं। पूर्व में भरे गए कई कॉलम संदेहास्पद एवं मनगढ़ंत प्रतीत हुए। इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पंजियों को खाली रखना और माह के अंत में एक साथ भरना अनियमितता और आपकी स्वेक्षाचारिता की ओर इंगित करता है। आयुक्ति ने सभी अभिलेखों/पंजियों को प्रतिदिन अद्यतन करने का स्पष्ट निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि प्राचार्य कक्ष के सामने ही वाहनों की पार्किंग की गई है।
इसपर उन्होंने नाराजगी जताते हुए वाहन की पार्किंग व्यवस्थित ढ़ंग से करने का निदेश दिया। आयुक्त ने प्राचार्य को विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों पर पूर्ण नियंत्रण रखने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य निर्माण करते हैं, इसलिए विद्यार्थियों की पढ़ाई, अनुशासन और विद्यालय की समुचित व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने पठन-पाठन की गुणवत्ता सुधारने, अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने और विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना। अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में वार्ड नं 19 में जलापूर्ति से संबंधित मामले, ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट बनाने, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत, दिव्यांग पेंशन देने, आवास योजना का लाभ देने, सेवानिवृत्त के उपरांत पेंशन भुगतान करने, होमगार्ड चेक लिस्ट में नाम नहीं आने की शिकायत, चौकीदार बहाली के द्वितीय लिस्ट जारी करने, डीएमएफटी फंड से डीप बोरिंग तथा सोलर पंप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने, बीसीसीएल द्वारा ब्लास्टिंग कर रैयती जमीन और घर को नुकसान पहुंचाने, किराएदार द्वारा दुकान पर जबरन कब्जा करने, राशन कार्ड बनाने समेत कई अन्य शिकायतें और आवेदन प्राप्त हुई। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## भू-अर्जन की बैठक में उपायुक्त ने कई बिंदुओं पर की चर्चा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आज भू-अर्जन की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने कुडू-घाघरा पथ मे टॉल गेट निर्माण, लोहरदगा बाईपास पथ में अधिग्रहण की गयी भूमि के रैयतों को मुआवजा, कुडू बाजार चौक के पास मुख्य पथ के किनारे नाला निर्माण, कुडू उदयपुरा पथ निर्माण समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कुडू-उदयपुरा पथ में विवादित व असहमति मामलों को भूमि अधिग्रहण न्यायालय में भेजे जाने और भू-अर्जन कार्यालय में प्राप्त अभिलेखों का मिलान के उपरांत मामलों में भुगतान का निर्देश दिया। तोड़े गए संरचनाओं के मामलों में नियम के अनुसार भुगतान का निर्देश दिया। नदिया-इरगांव पथ निर्माण का कार्य व अधिग्रहित की गई भूमि के रैयतों को नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सभी संबंधित अंचल अधिकारी, सभी विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

## हजारीबाग नगर निगम के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त, मनोज कुमार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों ने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखते हुए तथा भारत की सार्वभौमिकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास में जनप्रतिनिधियों की



भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी जनप्रतिनिधि पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर हजारीबाग के उपायुक्त ने भी नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। शपथ समारोह में, निवार्ची पदाधिकारी उपमहापौर, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, नगर निंगम, हजारीबाग तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाले 42 बुलेट पकड़ा, 2.10 लाख जुर्माना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक के खिलाफ यातायात पुलिस ने कडी कार्रवाई शुरू कर दी है। विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस ने दो दिनों में 42 बुलेट को पकड़ा और उसके चालकों से कुल 2.10 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे और सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के निर्देश पर चलाया गया, जिसकी कमान यातायात डीएसपी नीरज पाठक ने संभाली। यातायात पुलिस को पिछले कुछ समय से शहर में तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों से ध्वनि प्रदूषण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद गुरुवार और शुक्रवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और व्यस्त सड़कों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान उन बाइकों को विशेष रूप से रोका गया जिनमें अवैध रूप से तेज आवाज करने वाले साइलेंसर लगाए गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने वाहनों के दस्तावेज भी खंगाले और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालान काटा।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव ने शुक्रवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।
भंडरिया प्रखंड के ग्राम नौका निवासी सत्येंद्र गोस्वामी ने बताया कि उनके पिता द्वारा जीवनकाल में एक एकड़ जमीन उनके एवं उनकी पत्नी के नाम कोर्ट के



माध्यम से बिक्रीनामा कर दिया गया था। किंतु उनके बड़े भाई द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। म्यूटेशन के दौरान खाता एवं प्लॉट संख्या में त्रुटि के कारण आवेदन निरस्त कर दिया गया है। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। उन्होंने उपायुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए म्यूटेशन की अनुमति दिलाने का अनुरोध किया। भंडरिया प्रखंड के ग्राम पिपरा निवासी आशा कुमारी तिग्गा ने बताया कि वह तलाकशुदा महिला हैं। अपने मायके की जमीन पर घर बनाकर रह रही थीं,किंतु उनके पूर्व पति एवं बच्चों द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर दूसरा ताला लगा दिया गया। उन्हें घर से बेघर कर दिया गया। आरोप लगाया कि संबंधित लोग जमीन पर एग्रीमेंट होने का दावा कर रहे हैं, जबकि उनका घर उस जमीन पर नहीं बना है। साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। चिनियां प्रखंड के ग्राम हेताड़कला निवासी सकल देवी ने आवेदन देकर बताया कि सी.एल.एफ. मैनेजर की बहाली के नाम पर उनसे फोन के माध्यम से एक लाख नब्बे हजार रुपये और नकद छह हजार रुपये लिए गए। बाद में पांच हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की गई। उक्त राशि नहीं देने पर उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गई। मेराल प्रखंड के ग्राम भंडार निवासी शीला देवी ने शिकायत करते हुए बताया कि उनकी रैयती जमीन पर दबंग व्यक्तियों द्वारा रात के समय पीएम आवास के पिलर को तोड़ दिया गया।

## नव निर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई



**देवघर।** समाहरणालय स्थित विकास भवन के सभागार में नव निर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों को शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार ने नव निर्वाचित महापौर रवि राउत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी क्रम में मौके पर उपस्थित निर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर संथाल परगना प्रमंडलीय कमिश्नर संजय कुमार,देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा,उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश प्रसाद सिंह,रणवीर सिंह, डीपीआरओ सहित विभागीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# अलविदा जुमे की नमाज में उमड़ी नमाजियों भीड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** गोविंदपुर अमरपुर स्थित मस्जिदें इब्राहिमी समेत जिले के सभी मस्जिद में रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में रोजेदार और नमाजी मस्जिद में जुटे।
जैसे ही नमाज खत्म हुई, कई नमाजियों की आंखें नम नजर आईं। रमजान के इस मुबारक महीने की विदाई का एहसास हर किसी के दिल में साफ झलक रहा था।
मस्जिद के इमामों खतीब ने अपने खुत्बे में लोगों से अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देते हुए समाज में मोहब्बत और एकता बनाए रखने की अपील की। नमाज



के बाद मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और पूरी इंसानियत की भलाई के लिए खास दुआ भी की गई।
जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी ने बताया कि आज रमजान उल मुबारक के चौथे जुमे यानी अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। रमजान के इस पाक महीने में हमे अपने आस-पड़ोस के लोगों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। किसी का घर ना छूटे। सभी आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर ईद की खुशियां मनाएं।

# समाहरणालय के निकट मनरेगा कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले देवघर जिला के सभी मनरेगा कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में समाहरणालय के गेट के निकट अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सत्यम कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ डील करने में व्यस्त है। सरकार में बैठे लोग सिर्फ अपना नफा नुकसान देख रहे हैं। इन्हें मनरेगा कर्मियों के दुख दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। जब



तक हमें स्थायीकरण, ग्रेड पे एवं अन्य वेनिफिट नहीं दिया जाता है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा।
भावेश कुमार ने कहा कि राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत मनरेगा कर्मियों के तर्ज पर प्रखंडों में कार्यरत मनरेगा कर्मियों को भी वेतनमान दिया जाए। जिला संयोजक अमित सिंह ने कहा कि सभी कर्मियों ने सरकार की ईंट से ईंट बजाने के लिए कमर कस लिया है। अब निर्णय लेकर ही रहेंगे। मौके पर जितेंद्र कुमार झा,पंकज शर्मा, गुंजन कुमार दुबे, मुकेश कुमार चौधरी, सुधांशु शेखर सिंह सहित दर्जनों मनरेगाकर्मी मौजूद थे।

# अपहरण मामले में आरोपित गिरफ्तार, युवती सकुशल बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज एक अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और अपहृत युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया।

मामले की शुरूआत काशाफलिया गांव निवासी सुरेश पात्र की लिखित शिकायत से हुई थी। उन्होंने अपनी बेटी के अपहरण की सूचना देते हुए बहरागोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी और एक विशेष टीम का गठन किया गया।

जांच के दौरान तकनीकी सेल की सहायता से आरोपी की लोकेशन पश्चिम बंगाल के नयाग्राम थाना क्षेत्र के बारडीगा गांव में मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी करते हुए आरोपित सागर दंडपात को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बहरागोड़ा पहुंची। शुक्रवार को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर के सात मंडलों में नए अध्यक्ष घोषित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड में संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महानगर क्षेत्र के सात मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु के निर्देश पर महानगर जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। जारी सूची के अनुसार पोटका मंडल के लिए सनत कुमार, कोवाली मंडल के लिए श्यामल महाकुड़, आसनबनी मंडल के लिए निधू दास, कमलपुर मंडल के लिए मधुसुदन महतो, बोड़ाम मंडल के लिए सनातन दास, पटमदा मंडल के लिए कृष्ण पद सिंह और घोड़ाबांधा मंडल के लिए नीरज कुमार शर्मा को मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। घोषणा के बाद जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को उनसे संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त

### हाइवा की चपेट में आकर बच्चे की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बाबूडीह लाल भट्ठा मेन रोड पर शुक्रवार की शाम को सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक बच्चे की पहचान राज मुंदुइया (10) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वह नदी से पानी पीकर घर की ओर लौट रहा था। उसी दौरान तेज गति से आ रही हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के समय बच्चे के पिता राजेंद्र कुमार किसी काम से नदी की ओर गए हुए थे। इसी बीच उन्हें मोबाइल पर सूचना मिली कि उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बेटे की मौत हो चुकी थी।

### करांजी मेला मैदान में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन संपन्न

**बेड़ो।** प्रखंड अंतर्गत कराँजी मेला मैदान में पवित्र रमजान माह के अवसर पर शुक्रवार की शाम भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सौहार्द का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। मगरिब की अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी से अपना रोजा खोला। इसके बाद सभी ने देश और प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी। इफ्तार के बाद रोजेदार मस्जिद पहुंचे, जहां उन्होंने मगरिब की नमाज अदा की। इस दौरान धार्मिक आस्था, भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना त्याग, संयम, धैर्य और इंसानियत का संदेश देता है। रोजा रखने से इंसान में आत्मसंयम और जरूरतमंदों के प्रति संवेदना की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का काम करते हैं। इस पूरे आयोजन में पंचायत अध्यक्ष शाहबान अंसारी का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से पूरे इफ्तार कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए नाश्ता एवं दावत की समुचित व्यवस्था की गई।

# सांसद ने एनएचएआई से सड़क निर्माण होने पर ही टोल टैक्स लेने का किया आग्रह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से मिलकर वार्ता की और पत्र सौंपकर पलामू में एनएच-39 पर जोरकट में टोल प्लाजा को चालू कर देने से आवगमन में हो रही कठिनाईयों से अवगत कराया।

सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ है और टोल टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने एनएचएआई के चेयरमैन से सडक निर्माण पूरा होने के बाद ही जोरकट में टोल वसूल करने का आग्रह किया।

सांसद ने कहा कि जोरकट का टोल प्लाजा भोगू-शंखा खंड एनएच-39 पर स्थित है, जो रांची-वाराणसी कॉरिडोर के अंतर्गत भारतमाला परियोजना का हिस्सा है। मेदिनीनगर शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए एनएचएआई की ओर से एक कनेक्टिंग रोड बनाए जाने की भी योजना है, लेकिन इस परियोजना पर अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। इसी खंड पर पोखराहा और जोड़ गांव में प्रस्तावित दो फ्लाईओवर (वीयूपी) का निर्माण भी अभी तक शुरू नहीं किया गया है। सांसद ने बताया कि 07 मार्च से टोल वसूली शुरू कर दी गयी है, जबकि इस खंड का सड़क निर्माण कार्य अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ है। विशेष रूप से टोल प्लाजा के आसपास का क्षेत्र अभी अधूरा है। टोल प्लाजा से रांची की ओर लगभग चार किलोमीटर तक का हिस्सा अभी भी निमार्णाधीन है, जिसकी शुरूआत टोल प्लाजा से लगभग 100 मीटर की दूरी से ही होती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी दुबियाखंड, जोरकट, चियांकी, पोखराहा, जोड़, सिंगरा कला, लोहडा, पंडवा एवं राजहरा जैसे आसपास के गांवों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को लेकर एनएचएआई पदाधिकारियों को अवगत कराया था, इन क्षेत्रों में कार्य की प्रगति अभी भी धीमी और असंतोषजनक बनी हुई है। ऐसे में जब तक सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली को बंद किया जाय। उन्होंने चेयरमैन से सभी लंबित कार्यों को जल्द शुरू कर समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए जरूरी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लिए विधानसभा में मुखर हुए विधायक प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में राज्य के अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके कार्य-परिस्थितियों को सुदृढ़ बनाने से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया।

उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनके अधिकारों, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ह्यएडवोकेट प्रोटेक्शन एक्टह्न लागू किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में यह कानून लागू है, जिससे अधिवक्ताओं को सुरक्षा और सम्मानजनक वातावरण में कार्य करने का अधिकार मिला है। झारखंड में भी इस कानून को लागू कर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के विभिन्न बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इस स्थिति को देखते हुए सभी बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर और गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास की आवश्यकता है। इसी क्रम में विधायक प्रदीप प्रसाद ने गौरवशाली इतिहास वाले हजारीबाग बार एसोसिएशन के विकास से जुड़ा अनुपूरक प्रश्न भी उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि यहां अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस पहल की जाए, ताकि उन्हें सुगम, सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके।

## जंगली हाथी के हमले में गर्भवती महिला की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना गोइलकेरा प्रखंड के कुईडा पंचायत अंतर्गत सिर्जनकोचा गांव की है, जहां गुरुवार की देर रात हाथी ने गर्भवती महिला को कुचलकर मार डाला। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और भय का माहौल है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय रानी बोयपाई के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात गांव के आसपास जंगल से एक हाथी अचानक आबादी वाले इलाके में घुस आया। हाथी को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान रानी बोयपाई खुद को सुरक्षित स्थान तक नहीं पहुंचा सकीं और हाथी की चपेट में आ गईं। हाथी ने उन्हें सूंड से पटककर कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख निरुमणी कोड़ा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं वन विभाग के रेंजर राम नंदन राम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। वन विभाग ने मृतका के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही बताया गया कि सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य मुआवजा राशि की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद सिर्जनकोचा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड इलाके में लगातार देखा जा रहा है और वे खेतों व गांवों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर भगाने के लिए स्थायी उपाय किए जाएं और प्रभावित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही हाथियों को जंगल की ओर वापस खदेड़ने के लिए टीम तैनात की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कंटेनर पलटने से चतरा, गया मार्ग पर आवागमन बाधित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** जिले के जोरी थाना क्षेत्र स्थित संघरी घाटी में शुक्रवार तडके सुबह हुए सड़क हादसे के बाद चतराझगया मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से घंटों तक आवाजाही पूरी तरह ठप रही और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घाटी के खतरनाक मोड़ पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद पीछे से आ रहे कई हाइवा ट्रक आपस में टकरा गए। इससे अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के कारण मार्ग पर वाहन फंस गए और देखते ही देखते दोनों ओर करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम के कारण चतरा से गया जाने वाले मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। भारी वाहनों के साथ-साथ छोटी गाड़ियां और बसें भी जाम में फंस गईं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही जोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाने की कार्रवाई शुरू की। क्रेन की मदद से पलटे कंटेनर और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया।

## युवक की मौत के बाद बवाल, शव के साथ डेढ़ घंटे तक सड़क जाम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को शव के साथ सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर कुर्मिपुर पुल के पास करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन ठप कर दिया। बताया जाता है कि कुर्मिपुर गांव निवासी निरंजन ठाकुर (35) की गुरुवार की शाम गम्हरिया गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शुक्रवार को शव के साथ सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना के एसआई सौरभ चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

## सदर अस्पताल की रसोई में गैस का संकट, लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर पक रहा मरीजों का खाना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह के खासमहल स्थित सदर अस्पताल में देशभर में चल रही एलपीजी की किल्लत का असर अब अस्पताल की रसोई तक पहुंच गया है। पिछले दो दिनों से रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से अस्पताल प्रशासन और भोजन आपूर्ति करने वाले वेंडर को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि मरीजों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल की रसोई में लकड़ी और कोयले के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर के पीछे बने अस्थायी चूल्हों पर सुबह से ही रसोइये मरीजों के लिए भोजन तैयार कर रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन पहले की तरह निर्धारित समय पर तैयार किया जा रहा है। अस्पताल के भोजन वेंडर ओंकार नाथ ने बताया कि पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह बाधित है। कई गैस एजेंसियों से संपर्क करने के बावजूद सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को भूखा रखना संभव नहीं था, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लकड़ी और कोयले के चूल्हे बनाकर खाना पकाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को मौखिक रूप से जानकारी दे दी गई है। हालांकि धुएं के बीच काम करना रसोइयों के लिए बेहद कठिन हो रहा है, लेकिन मरीजों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि रसोई में चल रहे इस संकट का असर मरीजों की थाली तक नहीं पहुंचा है। अस्पताल में भर्ती कई मरीजों ने बताया कि उन्हें रोज की तरह समय पर भोजन मिल रहा है और खाने की गुणवत्ता में भी किसी प्रकार की कमी नहीं आई है। मरीजों ने कहा कि भोजन स्वादिष्ट और पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा है, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं हो रही। वहीं अस्पताल प्रशासन के सामने यह स्थिति एक बड़ी चुनौती बन गई है। सदर अस्पताल जैसे संवेदनशील स्वास्थ्य संस्थान में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में लंबे समय तक लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर भोजन बनाना व्यावहारिक नहीं माना जा रहा। धुएं और राख के कारण रसोई में स्वच्छता बनाए रखना भी कठिन हो सकता है।

# सीएस के आश्वासन पर एनएचएम कर्मियों की हड़ताल खत्म


प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव के ठोस आश्वासन पर एनएचएम कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन शुक्रवार को खत्म हो गयी। सिविल सर्जन ने बकाया वेतन भुगतान सात दिनों के भीतर कर देने का आश्वासन दिया गया। ऐसे में सभी कर्मियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया। इसके पूर्व बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। इस बीच सीएस ने पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए कार्यालय में बुलाया। वार्ता में प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह भी शामिल थे। वार्ता के क्रम में बताया गया कि एएनएम सोनी कुमारी का डबल अकाउंट चला गया था। इस कारण भुगतान में तकनीकी अड़चनें आ रही थीं। इस फॉल्ट को ढूंढ लिया गया है और एक सप्ताह के भीतर बकाया तीन महीने का भुगतान कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी कर्मी काम पर लौट आए। ठोस आश्वासन मिलने पर सभी कर्मियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया, लेकिन कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर तीन महीने का वेतन नहीं मिला तो फिर से आंदोलन किया जाएगा। कर्मियों ने आंदोलन में सहयोग के लिए प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने पत्रकारों का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर पलामू के एनएचएम कर्मी गुरूवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। मांगों पर जोर डालने के लिए पहले दिन एमएमसीएच में धरना प्रदर्शन किया था। उनकी हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ा था। पलामू एनएचएम संघ के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने कहा कि लंबे समय से वेतन भुगतान की मांग की जा रही थी। अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार हड़ताल के पहले दिन आनन फानन में एक माह का वेतन दिया, लेकिन पूरा बकाया नहीं मिला। सीएस अगर ठोस आश्वासन नहीं देते तो आन्दोलन जारी रहता। मौके पर प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि वेतन भुगतान के लिए गुरूवार से ही सक्रियता दिखायी गयी। एक माह का भुगतान कराया गया। तीन माह का जल्द करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मी सेवा भाव से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सेवा देते हैं।

# चूल्हा में गिरने से युवक झुलसा, इलाज के दौरान मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरकेला गांव के मानकी साई में खाना बनाते समय चूल्हे में गिरकर एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गणेश बोयपाई (19) के रूप में हुई है। वह दिलीप बोयपाई का पुत्र था। घटना के संबंध में गणेश के पिता दिलीप बोयपाई ने बताया कि बुधवार सुबह घर के सभी लोग प्रतिदिन की तरह शौच के लिए तालाब की ओर गए थे। उस समय घर में गणेश लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रहा था। उन्होंने बताया कि उस दिन गणेश की तबीयत भी ठीक नहीं थी। खाना बन जाने के बाद वह चूल्हे के पास आग ताप रहा था। इसी दौरान संभवतः उसे चक्कर आ गया और वह सीधे चूल्हे में गिर गया, जिससे उसकी छाती और पेट बुरी तरह झुलस गए। परिजन जब शौच से लौटकर घर पहुंचे तो अंदर से हल्की आवाज सुनाई दी। घर में जाकर देखा तो गणेश आग से झुलस रहा था। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा लाया गया। अस्पताल में दिन भर उसका इलाज चलता रहा, लेकिन गुरुवार की देर रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिलीप बोयपाई ने बताया कि गणेश किसी प्रकार का नशा नहीं करता था। उसने आठवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी और वह अविवाहित था। इधर जैसे ही सदर थाना को इस बात की सूचना मिली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संपादकीय

### सपना और जमीनी हकीकत

**देश में** विकास की रफ्तार, डिजिटल क्रांति और तकनीकी उपलब्धियों की चर्चा अक्सर होती है, लेकिन जब बात आम नागरिक की बुनियादी जरूरतों की आती है तो तस्वीर उतनी उजली नहीं दिखती। आज भी देश के अनेक ग्रामीण इलाकों में लोग साफ पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पानी के नमूनों में बड़ी संख्या दूषित पाई जाती है। 2019 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य था कि हर ग्रामीण परिवार तक नल के जरिए स्वच्छ पेयजल पहुंचे। शुरूआत में इस योजना ने उम्मीदें जगाईं, लेकिन हालिया जांच रिपोर्ट बताती है कि कई स्थानों पर पानी की गुणवत्ता गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। जांच में सामने आया कि दूषित पाए गए पानी के अधिकांश नमूनों पर अब तक उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकी है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीर उदासीनता का संकेत भी है। पेयजल की शुद्धता केवल सुविधा का सवाल नहीं, बल्कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा मुद्दा है। गंदा पानी पीने से डायरिया, हैजा, टाइफाइड और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सीमित हैं, वहां दूषित पानी की समस्या लोगों के लिए और भी घातक साबित हो सकती है। देश के कई हिस्सों से समय-समय पर दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने या मौत होने की खबरें सामने आती रही हैं। हाल के वर्षों में इंदौर में दूषित पेयजल से जुड़ी घटना ने भी इस संकट को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया था। इससे स्पष्ट है कि समस्या केवल किसी एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि पूरे देश की है। असल समस्या केवल पानी की आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की है। कई जगह पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी होती हैं, जिससे गंदा पानी सप्लाई में मिल जाता है। वहीं भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और अमोनिया जैसे हानिकारक तत्वों की बढ़ती मात्रा भी चिंता का कारण बन रही है। ऐसे में जरूरी है कि जल आपूर्ति योजनाओं की नियमित निगरानी हो, पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच हो और जहां भी पानी दूषित पाया जाए वहां तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए ताकि लापरवाही की गुंजाइश न रहे। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों को कितनी सुरक्षित और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

# ईरान युद्ध : भारत के लिए रणनीतिक संतुलन की परीक्षा

**ब्रिगेडियर राकेश भाटिया**

हाल का इतिहास इसके गंभीर उदाहरण प्रस्तुत करता है। 2003 में इराक पर आक्रमण के दौरान सद्दाम हुसैन का पतन शासन को गिराने में सफल रहा, लेकिन इसने वर्षों तक विद्रोह और सांप्रदायिक हिंसा को जन्म दिया।

अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी यह दशार्ती है कि बाहर से एक स्थायी राजनीतिक व्यवस्था थोपना कितना कठिन है। सैन्य विजय शासन को हटा सकती है, लेकिन यह शायद ही कभी यह निर्धारित करती है कि उनका स्थान कौन लेगा। इस संघर्ष की एक और उल्लेखनीय विशेषता अमेरिका और इजराइल के बीच अभूतपूर्व स्तर का सैन्य एकीकरण है। यह अभियान दोनों देशों के बीच पहला वास्तविक संयुक्त अभियान है। दोनों सेनाओं ने खुफिया जानकारी साझा की, हमलों का समन्वय किया और परिचालन संबंधी जिम्मेदारियों को आपस में बांटा। जनवरी 2023 में आयोजित जुनिपर ओक अभ्यास, जो दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास था, इसमें उन्होंने वायु, भूमि, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों में समन्वय का परीक्षण किया था। उस समय की तैयारियों ने क्षेत्र में अब दिखाई दे रहे मौजूदा अभियान की नींव रखी।

ईरान की प्रतिक्रिया संघर्ष को बढ़ाने पर केंद्रित रणनीति को दशार्ती है। पारंपरिक युद्ध में अमेरिकी और इजराइली सेनाओं को हराने के बजाय, तेहरान भौगोलिक और राजनीतिक रूप से टकराव को बढ़ा रहा है।मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के अलावा, ईरान समर्थित समूहों ने कई मोर्चों पर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। लेबनान में हिज्बुल्लाह ने इजराइली सेनाओं के साथ गोलीबारी की है, जबकि इराक और सीरिया में मिलिशिया नेटवर्क ने पश्चिमी सैन्य ठिकानों पर हमले बढ़ा दिए हैं।अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) के विश्लेषकों का कहना है कि यह पैटर्न असममित युद्ध और क्षेत्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क पर ईरान की लंबे समय से चली आ रही निर्भरता को दशार्ता है। युद्धक्षेत्र का विस्तार करके, तेहरान अपने विरोधियों के लिए युद्ध की राजनीतिक और आर्थिक लागत को बढ़ाना चाहता है। अमेरिका में जनमत बंटा हुआ है। गैलप और क्विनिपियाक विश्वविद्यालय जैसे संगठनों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों से पता चलता है कि दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के लिए जनता का समर्थन सीमित है। कई मतदाता अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या इस क्षेत्र में विस्तारित सैन्य प्रतिबद्धताएं अमेरिका के दीर्घकालिक रणनीतिक हितों की पूर्ति करती हैं। वे अपने दावों के समर्थन में इराक और अफगानिस्तान का उदाहरण देते हैं। हालांकि, इजराइली जनमत इससे बिल्कुल अलग है। इजराइली मीडिया द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ईरान के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई के लिए घरेलू स्तर पर मजबूत समर्थन है, जिसे कई इजराइली अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानते हैं। क्या



*ईरान की प्रतिक्रिया संघर्ष को बढ़ाने पर केंद्रित रणनीति को दर्शाती है। पारंपरिक युद्ध में अमेरिकी और इजराइली सेनाओं को हराने के बजाय, तेहरान भौगोलिक और राजनीतिक रूप से टकराव को बढ़ा रहा है।मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के अलावा, ईरान समर्थित समूहों ने कई मोर्चों पर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। लेबनान में हिज्बुल्लाह ने इजराइली सेनाओं के साथ गोलीबारी की है, जबकि इराक और सीरिया में मिलिशिया नेटवर्क ने पश्चिमी सैन्य ठिकानों पर हमले बढ़ा दिए हैं।अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) के विश्लेषकों का कहना है कि यह पैटर्न असममित युद्ध और क्षेत्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क पर ईरान की लंबे समय से चली आ रही निर्भरता को दशार्ता है। युद्धक्षेत्र का विस्तार करके, तेहरान अपने विरोधियों के लिए युद्ध की राजनीतिक और आर्थिक लागत को बढ़ाना चाहता है। अमेरिका में जनमत बंटा हुआ है। गैलप और क्विनिपियाक विश्वविद्यालय जैसे संगठनों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों से पता चलता है कि दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के लिए जनता का समर्थन सीमित है। कई मतदाता अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या इस क्षेत्र में विस्तारित सैन्य प्रतिबद्धताएं अमेरिका के दीर्घकालिक रणनीतिक हितों की पूर्ति करती हैं। वे अपने दावों के समर्थन में इराक और अफगानिस्तान का उदाहरण देते हैं। हालांकि, इजराइली जनमत इससे बिल्कुल अलग है। इजराइली मीडिया द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ईरान के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई के लिए घरेलू स्तर पर मजबूत समर्थन है, जिसे कई इजराइली अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानते हैं। क्या जनमत में मतभेद अंततः गठबंधन की राजनीतिक गतिशीलता को प्रभावित करेगा, भले ही सैन्य सहयोग मजबूत बना रहे? यह तो समय ही बताएगा।*

जनमत में मतभेद अंततः गठबंधन की राजनीतिक गतिशीलता को प्रभावित करेगा, भले ही सैन्य सहयोग मजबूत बना रहे? यह तो समय ही बताएगा।

संघर्ष का अंत कैसे करें?वाशिंगटन में नीति निमार्ताओं के सामने सबसे अहम सवाल यह है कि अमेरिका अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस संघर्ष को कितना आगे बढ़ाने को तैयार है ?एक विकल्प यह हो सकता है कि अभियान को ईरान की सैन्य क्षमताओं और परमाणु बुनियादी ढांचे को कमजोर करने तक सीमित रखा जाए। इस दृष्टिकोण के तहत, अमेरिका एक लंबे युद्ध से बचते हुए ईरान की रणनीतिक संपत्तियों को कमजोर कर सकता है। एक अन्य संभावना तेहरान में सत्ता परिवर्तन की है। कुछ इजराइली नेताओं का तर्क है कि केवल वर्तमान ईरानी नेतृत्व को हटाने से ही इस्लामी गणराज्य द्वारा उत्पन्न दीर्घकालिक खतरे को समाप्त किया जा सकता है ।फिर भी, ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन और सीएसआईएस जैसे संस्थानों के विश्लेषक चेतावनी देते हैं कि ईरानी शासन को गिराने के प्रयास पूरे क्षेत्र में लंबे समय तक अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। नीति निमार्ताओं के लिए चुनौती यह परिभाषित करने में है कि अभियान को कितना आगे बढ़ाया जाना चाहिए और इससे क्या राजनीतिक परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद है।


भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। पश्चिम एशियाई शिपिंग मार्गों में व्यवधान से मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता पर तुरंत असर पड़ सकता है। फिर भी, नई दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चुनौती केवल ऊर्जा बाजारों में ही नहीं, बल्कि रणनीतिक संबंधों के उस जटिल जाल को संभालने में है जो अब युद्ध के कारण अलग-अलग दिशाओं में खिंचा चला जा रहा है। संघर्ष पर भारत की सार्वजनिक प्रतिक्रिया संयमित रही है। कई देशों के विपरीत जिन्होंने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की कड़ी निंदा या स्पष्ट समर्थन किया, नई दिल्ली ने किसी का पक्ष लेने से परहेज किया है। यह संतुलित अस्पष्टता उस राजनयिक स्वतंत्रता को दशार्ती है जिसे भारत संरक्षित रखना चाहता है। इसके कारण स्पष्ट हैं। संघर्ष में शामिल सभी प्रमुख पक्षों के साथ भारत के महत्वपूर्ण संबंध हैं। चाबहार बंदरगाह परियोजना के माध्यम से भारत की क्षेत्रीय संपर्क संबंधी महत्वाकांक्षाओं में ईरान की केंद्रीय भूमिका है। इससे पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच मिलती है। वहीं, इजराइल भारत के सबसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदारों में से एक है, जो वायु रक्षा प्रणाली, ड्रोन और निगरानी प्लेटफॉर्म सहित उन्नत प्रौद्योगिकियां प्रदान करता है। साथ ही, पिछले एक दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी में काफी मजबूती आई है, जिसमें रक्षा सहयोग, खुफिया जानकारी साझा करना और उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं।

संकट की शुरूआत में हुई एक घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघर्ष कितनी तेजी से भारत के समुद्री क्षेत्र में फैल सकता है। ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस लावन ने कोच्चि में शरण ली। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री प्रथाओं के अनुरूप मानवीय आधार पर पोत को बंदरगाह पर आने की अनुमति दी और इस घटना पर राजनीतिक टिप्पणी करने से सावधानीपूर्वक परहेज किया।राजनयिक इशारों से भी चल रहे सावधानीपूर्वक संतुलन का पता चलता है। अयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु के बाद भारतीय प्रतिनिधियों ने ईरानी दूतावास में शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए, जो राजनयिक प्रोटोकॉल के प्रति सम्मान और तेहरान के साथ संबंध बनाए रखने का संकेत था। साथ ही, भारत ने ऐसे बयान देने से परहेज किया जिन्हें वाशिंगटन या तेल अवीव की आलोचना के रूप में देखा जा सकता था। भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ-साथ, इस तरह के संकट विभिन्न भू-राजनीतिक गुटों के साथ संबंध बनाए रखने की उसकी क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं। नई दिल्ली की अब तक की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि सावधानीपूर्वक अपनाई गई चुप्पी भी एक प्रकार का रणनीतिक संकेत हो सकती है ।आने वाले महीनों में यह तय होगा कि संघर्ष सीमित रहेगा या एक व्यापक क्षेत्रीय संकट में बदल जाएगा। फिलहाल, मध्य पूर्व एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जिसके परिणाम युद्धक्षेत्र से कहीं आगे तक फैलेंगे।

**- (लेखक स्तंभकार हैं और ये उनके व्यक्तिग विचार हैं)।**

# रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश मास्को से मांग रहे गैस और तेल

**नीरज कुमार दुबे**



अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है। हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।

अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है। ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ? लगी है। यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा चलता है और खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित होता है तो रूस को अरबों डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊंची कीमतों और आपूर्ति संकट के चलते रूस को आय में कई अरब डॉलर का अतिरिक्त लाभ हो सकता है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी संकेत दिया है कि यदि यूरोपीय देश राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस आपूर्ति करने को तैयार है। पुतिन का कहना है कि रूस ने कभी यूरोप के साथ ऊर्जा सहयोग से इंकार नहीं किया, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप ने स्वयं रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने का निर्णय लिया था। हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का चालीस प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस से खरीदता था। लेकिन प्रतिबंधों और वैकल्पिक स्त्रोतों की खोज के कारण यह हिस्सा घटकर वर्ष 2025 तक लगभग तेरह प्रतिशत रह गया। यूरोपीय संघ ने समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था और कई पाइपलाइन मार्ग भी बंद हो गए थे। हालांकि मौजूदा संकट में स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। यूरोप ने अभी तक रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू नहीं किया है और प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे 2027 तक धीरे धीरे समाप्त किया जाना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में फिर से रूसी गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं। फिर भी रूस की क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है। वर्षों से लगे प्रतिबंधों और यूक्रेन से हुए हमलों के कारण उसकी ऊर्जा अवसंरचना के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा जहाजरानी और बीमा से जुड़ी बाधाएं भी रूसी निर्यात को सीमित करती हैं। वैसे रूस का अधिकांश तेल फिलहाल भारत और चीन जैसे सीमित खरीदारों को ही जा रहा है। इसके बावजूद मौजूदा वैश्विक परिस्थिति का सामरिक महत्व बहुत बड़ा है। मध्य पूर्व में युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। रूस के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं और संकट के समय यह उसे आर्थिक और कूटनीतिक दोनों तरह का प्रभाव प्रदान करते हैं। दूसरी ओर यूरोप के सामने भी एक कठिन विकल्प खड़ा हो गया है। यदि मध्य पूर्व से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है तो उसे अपने पुराने ऊर्जा स्त्रोत यानी रूस की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। इस प्रकार मध्य पूर्व का युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा संतुलन और भू राजनीतिक शक्ति समीकरण को भी नए सिरे से आकार दे रहा है।

**- लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**14 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.16 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मेष | 07.47 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.27 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.25 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.38 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.54 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.17 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.32 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 00.48 बजे से |
| | | मकर | 02.53 बजे से |
| | | कुंभ | 04.39 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 73 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 08.11 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 04.49 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** वरीयान 10.43 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.11 बजे तदनन्तर बव 20.49 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 37'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872648
**जूलियन दिन** 2461113.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 24
**विशेष** कारादाइयन नौम्बू।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8799

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | |
| 5 | | | | | | | 6 | 7 |
| | | | 8 | 9 | | 10 | | |
| 11 | | 12 | | | | 13 | | |
| | | 14 | | | 15 | | | |
| 16 | | | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| 23 | 24 | | | | | 25 | | |
| | 26 | | | | 27 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना -4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ -2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

### शब्द पहेली -8798 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ह | ल | क | | क | ल | र | व |
| क | द | | हा | ज | मा | | | र |
| ह | | ना | नी | | ल | व | | दा |
| र | च | ना | का | र | | सा | ल | न |
| | र | | र | | स | | ह | |
| र | स | द | | ता | ली | ब | जा | ना |
| वा | | ल | क | | के | ला | | ट |
| य | | | स | ज | दा | | ना | क |
| त | ल | घ | र | | र | ह | म | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7733

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7732 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

'द केरल स्टोरी' फेम

# अदा शर्मा के पास 1 महीने से काम नहीं

**'द केरल स्टोरी'** फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है। इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला। यहां तक की गालियां भी दीं।




### अदा शर्मा ने वीडियो में सुनाया पूरा हाल

वीडियो में अदा शर्मा बताती हैं, 'उन्होंने कहा, कोई बात नहीं, मुझे ये डेट्स चाहिए। मेरे मैनेजर ने पूछा, क्या आप श्योर हो इस पर उन्होंने कहा, 'हां, मुझे ये डेट्स चाहिए। मैं श्योर हूं। इन्हें बदला नहीं जा सकता।'

### 'इंडस्ट्री में हर कोई बदतमीज नहीं होता'

बॉलीवुड के साथ ही तेलुगू फिल्मों में काम करने वाली अदा शर्मा के मुताबिक, जब दूसरी दो फिल्मों के डायरेक्टर्स को इस सिचुएशन के बारे में पता चला, तो उन्होंने उनके कमिटमेंट्स को पूरा करने के लिए अपने शेड्यूल में बदलाव करने का फैसला किया। एक मामले में, प्रोड्यूसर ने कथित तौर पर पूरी कास्ट की शूटिंग डेट्स बदल दीं। वह अपने अनुभव के बारे में बताते हुए कहती हैं, 'इससे पता चलता है कि इंडस्ट्री में हर कोई बुरा बर्ताव नहीं करता। आपने बहुत सुना होगा कि इंडस्ट्री में लोग बुरे हैं। लेकिन मैं आपको बताना चाहती हूं कि अच्छे लोग भी हैं। हर कोई बदतमीज नहीं होता।'




## सोराब बेदी ने मलाइका अरोड़ा के साथ डेटिंग की अफवाहों पर दी प्रतिक्रिया, बोले- 'रिश्ता कई साल पुराना...'

**मलाइका** अरोड़ा और सौराब बेदी की पार्टी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो के बाद से ही मलाइका और सौराब की डेटिंग की खबरें आ रही हैं, जिसे लेकर अब सोराब ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मलाइका अरोड़ा और स्प्लिट्सविला X6 के सोराब बेदी के बीच डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर कुछ पार्टी वीडियो और फोटो वायरल होने से लोग सोचने लगे कि दोनों सिर्फ दोस्त से ज्यादा हैं। सोराब बेदी ने हाल ही में अपने और मराइका के रिश्ते को लेकर अपनी राय पेश की है और यह भी बताया कि वह एक-दूसरे को काफी साल पहले से जानते हैं।

### सोराब का खुलासा

मलाइका और सोराब के ये वीडियो जुहू के रेस्टोरेंट की एक पार्टी के थे, जहां दोनों नाचते और साथ में मस्ती करते दिखे। लेकिन अब सोराब ने साफ कर दिया है कि उनके बीच कोई रोमांटिक रिश्ता नहीं है। वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। टाइम्स नाउ को दिए इंटरव्यू में सोराब ने कहा कि उनका और मलाइका का रिश्ता कई साल पुराना है। मॉडलिंग के समय में अभिनेत्री डेलनाज दारूवाला और वाहबिज मेहता ने उन्हें मिलवाया था। दोनों उनकी अच्छे दोस्त हैं।



## चमगादड़ों के बीच अक्षय कुमार पेड़ से उल्टा लटके मिले, 'भूत बंगला' के टीजर के लिए कर रहे इतने जतन!

अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं।

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है। इस पोस्टर में एक पेड़ पर चमगादड़ उल्टा लटका नजर आ रहा है। ठीक उसकी तरह इस पोस्टर में अक्षय कुमार भी नजर आ रहे हैं।

## 'द 50' से बाहर होने पर बोलीं दिव्या अग्रवाल, 'मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी'

रियलिटी शोज की दुनिया हमेशा से ड्रामा, रणनीति और कड़ी टक्कर के लिए जानी जाती है। इन शोज में हिस्सा लेने वाले कलाकारों को सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से भी काफी मेहनत करनी पड़ती है। कई बार यह अनुभव कलाकारों के लिए सीख से भरा होता है। इसी कड़ी में रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया। उन्होंने खुलकर बताया कि शो का अनुभव उनके लिए कैसा रहा और अब वह अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाना चाहती हैं। दिव्या अग्रवाल ने बात करते हुए कहा, ''मुझे इस बात की खुशी है कि मैं अब इस शो से बाहर आ चुकी हूं। यह शो काफी हद तक मेल डॉमिनेटेड था और इसमें बहुत ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी शामिल थी। शो में हर कोई खुद को नोटिस करवाने की कोशिश कर रहा था। इसी वजह से कई बार कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के बारे में अजीब और अनचाही बातें भी कह देते थे। यह माहौल कई बार असहज कर देने वाला होता था।'' दिव्या ने आगे कहा, ''मैंने यह शो अपने फैंस की वजह से किया था। लंबे समय से मेरे फैंस मुझसे कह रहे थे कि मुझे एक और रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहिए। इसी वजह से मैंने 'द 50' में हिस्सा लेने का फैसला किया था। उन्होंने कहा, 'अब मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी। मेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अभिनय पर रहेगा। मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं। दिव्या अग्रवाल के करियर की बात करें तो उन्होंने मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान एक रियलिटी शो कंटेस्टेंट के तौर पर बनाई।

साल 2017 में उन्होंने 'एमटीवी स्प्लिट्सविला 10' में हिस्सा लिया था। इस शो में वह अभिनेता प्रियांक शर्मा के साथ रनर-अप रहीं और यहीं से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने कई रियलिटी शोज और टीवी प्रोजेक्ट्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय होती चली गईं।

## दुनिया में हो रहे संघर्ष चुने हुए नेताओं की नीतियों का नतीजा : फिल्ममेकर प्रकाश



**मुंबई** सत्याग्रह, राजनीति, गंगाजल, जय गंगाजल और आरक्षण जैसी गंभीर विषयों पर आधारित फिल्मों का निर्माण कर चुके निर्माता-निर्देशक प्रकाश झा ने कलाकार की जिम्मेदारी के साथ ही देश-दुनिया के मौजूदा हालात पर खुलकर बात की। प्रकाश झा अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'संकल्प' को लेकर उत्साहित हैं, जिसकी निर्माता उनकी बेटी दिशा झा हैं। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस बीच प्रकाश झा ने इराक-इजरायल सहित दुनिया के मौजूदा राजनीतिक माहौल पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज का वैश्विक परिदृश्य लोगों द्वारा चुने गए नेताओं का परिणाम है, जो अपनी नीतियों से समाज की दिशा तय करते हैं। प्रकाश झा ने कहा, 'यह एक रोचक समय है। लोग ऐसे नेता चुन रहे हैं जिनका दौर, विचार, राजनीति और नेतृत्व शैली सब अलग है। मेरे लिए यह दिलचस्प है कि मैंने दुनिया को बदलते देखा है और इसके पीछे के सिस्टम को समझने की कोशिश की है।' प्रकाश झा की फिल्में अक्सर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर आधारित होती हैं। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक माहौल में एक कलाकार के रूप में अपनी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। प्रकाश झा ने बताया, 'मेरा काम है कि दुनिया में जो कुछ हो रहा है, उसे कहानियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना और साझा करना। यही इसका मजेदार हिस्सा है। मैंने इसका आनंद लिया है और आगे भी लेता रहूंगा। मेरा स्पष्ट मानना है कि मैं समय नहीं बदल सकता। हमें समय के साथ बदलना पड़ता है। यही सत्य है। इसलिए मैं दुनिया में इन चीजों से प्रभावित होता हूं। '

## शरद केलकर ने समझाया 'कुटुंब' का असली मतलब, बोले- यह इंसानियत से जोड़ने वाला रिश्ता है



भारत में 'कुटुंब', यानी परिवार की भावना, बहुत मजबूत मानी जाती है। इसी भावना को सेलिब्रेट करने के लिए टीवी इंडस्ट्री के कई मशहूर सितारे 'जी कुटुंब पुरस्कार 2026' के मंच पर नजर आए। इस खास मौके पर अभिनेता शरद केलकर ने कार्यक्रम की शुरुआत की और भारतीय समाज की ताकत, परिवारों की एकता और लोगों के जज्बे के बारे में खुलकर बात की। कार्यक्रम के दौरान शरद केलकर ने कहा, ''भारतीय समाज में परिवार और रिश्तों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। कई बार हमें यह एहसास भी नहीं होता कि हमारे जीवन में परिवार, दोस्त और अपने लोग कितने जरूरी हैं। यही रिश्ते हमें मुश्किल समय में सहारा देते हैं और हमें आगे बढ़ने की ताकत भी देते हैं।'' उन्होंने कहा, 'कुटुंब का मतलब केवल एक परिवार नहीं होता, बल्कि हर वह रिश्ता होता है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है और हमें इंसान होने का एहसास कराता है। शरद ने कहा, 'देश के हर कोने में रहने वाले लोगों के अंदर आगे बढ़ने की इच्छा होती है। चाहे परिस्थितियां कितनी भी मुश्किल क्यों न हों, भारतीय लोग उम्मीद और मेहनत के सहारे अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। यही जज्बा भारत को खास बनाता है और यही वजह है कि यहां के लोग चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ते रहते हैं। '

शरद केलकर के काम की बात करें तो वह इन दिनों टीवी शो 'तुम से तुम तक' में आर्या के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस मौके पर शरद ने कहा कि उन्हें ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर खुशी होती है, जो रिश्तों और भावनाओं की कहानी को सामने लाता है।

टीवी के बाद अब

# ओटीटी पर जादू बिखेरेंगी रूप दुर्गापाल प्रकाश झा की सीरीज संकल्प से करेंगी डेब्यू

मुंबई 'स्वरागिनी,' 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी,' और 'बालवीर' जैसे कई धारावाहिकों में काम कर घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री जल्द ही आगामी वेब सीरीज 'संकल्प' में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अच्छी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी। अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, 'जब सबके पास अच्छा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी हैं। '



# यह 'लव जिहाद' नहीं है हिंदू रीति से विवाह हुआ'

### मुस्लिम प्रेमी से शादी करने पर हुए विवाद पर बोलीं मोनालिसा



प्रयागराज महाकुंभ से वायरल हुई माला विक्रेता मोनालिसा भोसले सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान के साथ शादी रचाई है, जिसे लेकर विवाद हो रहा है। मोनालिसा का परिवार भी इस शादी के खिलाफ है। इसके बाद वायरल गर्ल ने चुप्पी तोड़ी है। महाकुंभ से चर्चा में आई मोनालिसा ने बीते दिन अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी रचाई। उन्होंने केरल में जाकर शादी की। इस शादी पर मोनालिसा का परिवार खुश नहीं है। वहीं, मोनालिसा को एक्टिंग ब्रेक देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने तो इसे 'लव जिहाद' तक कह दिया है। अपनी शादी पर हो रही कंट्रोवर्सी के बाद मोनालिसा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की है, जहां कहा कि यह शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई है।

### शादी पर विवाद के बाद मोनालिसा ने तोड़ी चुप्पी

महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फरमान खान से शादी रचाई है। मोनालिसा का परिवार तो इस शादी का विरोध कर ही रहा है, साथ ही निर्देशक सनोज मिश्रा भी इस शादी के विरोध में हैं। उन्होंने कल बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर लिखा था, 'यह बगावत नहीं, लव जिहाद है'। शादी पर हो रही कंट्रोवर्सी के बीच मोनालिसा ने प्रेस कांफ्रेंस की। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केरल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वायरल महाकुंभ गर्ल मोनालिसा ने कहा, 'मैंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की है। यह 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं'।

# बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**विधानसभा की सुरक्षा बढ़ाई गई**

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल मिलते ही विधानसभा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया । दरअसल, विधानसभा सचिवालय को एक ई-मेल के जरिए यह धमकी भेजी गई, जिसके बाद तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई और मौके पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता टीम पहुंचकर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ई-मेल 13 मार्च को सचिवालय के आधिकारिक ईमेल पर प्राप्त हुआ। धमकी की जानकारी मिलते ही विधानसभा परिसर में अफरा-तफरी का मच गई। इसके बाद तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मामले की पूरी जानकारी राज्य के शीर्ष अधिकारियों तक तुरंत पहुंचाई जाए। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने प्रभारी सचिव ख्याति सिंह को निर्देश दिया कि इस घटना की सूचना तुरंत राज्य के मुख्य सचिव और बिहार के पुलिस महानिदेशक को दी जाए। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत जांच शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विधानसभा परिसर की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। धमकी मिलने के बाद विधानसभा परिसर और आसपास के पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विधानसभा भवन में आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है। हर गाड़ी और व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। सुरक्षा एजेंसियां अब उस ई-मेल के स्रोत का पता लगाने में लगी हैं, जिसके जरिए यह धमकी भेजी गई। साइबर एक्सपर्ट भी इस जांच में शामिल किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि धमकी देने वाला कौन है।

# बिहार दिवस पर सारण में प्रभात फेरी से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

एजेंसी




**सारण।** आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाले बिहार दिवस को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस गौरवशाली दिन को भव्य रूप में मनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उपविकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। बिहार दिवस के अवसर पर जिला स्तर से लेकर अनुमंडल, प्रखंड, विद्यालय और गाँव-गाँव में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, महापुरुषों की प्रतिमाओं और शहर के प्रमुख टावर को तीन दिनों तक नीली रोशनी से जगमग किया जाएगा। राजेंद्र स्टेडियम में दिव्यांगजनों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। साथ ही 22 मार्च को 10:00 बजे दिन में मीडिया बनाम जिला प्रशासन के बीच एक क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी कतार, प्रशासन और सरकार कह रही नहीं है किल्लत

**भागलपुर।** अमेरिका ईरान युद्ध के बाद भारत में एलपीजी गैस की उपलब्धता में लोगों को परेशानी होने लगी है। बिहार के कई जिले से ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है, जहां पर एलपीजी गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं को काफी ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ रही है। गैस एजेंसी पर लंबी-लंबी लाइन नजर आ रही है तो वही लोगों का भी कहना है कि नंबर लगाने में कई हफ्ते भी इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि केंद्र और बिहार सरकार ये दावा कर रही है कि गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। उपभोक्ताओं का घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन भी लोगों से अपील कर रहा है कि आप लोग घबराएं नहीं सभी उपभोक्ताओं को सही समय पर गैस उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं गैस गोदाम पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग कड़ी मशक्कत के बाद गैस सिलेंडर ले पा रहे हैं। लोगों कोई 15 दिन से कोशिश कर रहा है तो कोई 20 दिन से जद्दोजहद कर रहा है। तीन से चार घंटे तक इंतजार करने के बाद उन्हें गैस उपलब्ध हो पा रहा है। ऐसे में साफ तौर पर यह दिख रहा है कि सरकार के दावे के सामने उपभोक्ताओं की परेशानी हावी हो रही है।

### अवैध झोपड़ियों पर चला रेलवे का बुलडोजर

**भागलपुर।** जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर-2 इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब रेलवे की टीम भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची। देखते ही देखते बुलडोजर का पीला पंजा चला और दो दर्जन से ज्यादा झोपड़ियां जमींदोज कर दी गईं। रेलवे की इस कार्रवाई के दौरान मौके पर रेल पुलिस के साथ ईशाकचक थाना की पुलिस भी तैनात रही ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारियों और वहां रह रहे लोगों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। लोग अपने आशियाने टूटते देख आक्रोशित नजर आए। लेकिन पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही। इसी बीच माहौल को बिगाड़ने की कोशिश भी हुई जब बुलडोजर झोपड़ियों को गिरा रहा था, तभी अचानक एक झोपड़ी में आग लगा दी गई। आग की लपटें उठते ही अफरा-तफरी मच गई।

# समृद्धि यात्रा : मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले को 304 करोड़ रुपये की दी सौगात

## 319 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में अरुण मध्य विद्यालय, खगड़िया के समीप नगर सुरक्षा बांध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण, कालीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खगड़िया नगर सुरक्षा बांध की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी अधिकारियों से जानकारी ली।

इन योजनाओं में राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड के निकट रेलवे क्रॉसिंग पथ का निर्माण कार्य, अलौली प्रखंड में बागमती नदी पर गढ़ घाट के नजदीक उच्चस्तरीय आरसीसी०पुल का निर्माण, महेशखूंट-गोगरी-परबत्ता-सुल्तानगंज घाट पथ में भगवान हाई स्कूल, गोगरी जमालपुर से जीएन बांध होते हुए फतेहपुर तक बाईपास का निर्माण कार्य, गांधी इंटर हाई स्कूल, बेलदौर प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य, खगड़िया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य, खगड़िया नगर सुरक्षा बांध अंतर्गत तीन एंटी फ्लड स्लूइस गेट का निर्माण कार्य एवं खगड़िया प्रखंड के रहीमपुर से खगड़िया बाईपास पथ तक बूढ़ी गंडक नदी पर पहुंच पथ सहित उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी विकास योजनाओं का काम तय समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूर्ण कराएं। इन सभी विकास कार्यों के पूरा हो जाने से लोगों को काफी फायदा होगा। पथों एवं पुलों के बन जाने से यातायात सुगम हो जाएगा तथा समय और ईंधन की भी बचत होगी।

खगड़िया नगर परिषद के वार्ड संख्या-39 में स्थित संसारपुर मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत कुल 1,245 परिवारों को दूसरी किस्त के रूप में 4 करोड़ 98 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की चाभी, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, खगड़िया का सांकेतिक चेक, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाभी आदि लाभुकों को प्रदान किया।

जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में आपके द्वारा कई महत्वपूर्ण काम किए गए हैं। इसके लिए हम सभी महिलाएं आपके आभारी हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की गई है। इससे हम सभी को काफी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बहुत अच्छे ढंग से काम कर रही हैं। बिहार के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। इसी प्रकार आप सभी आगे बढ़ते रहिए। आप सभी के हित में जो भी आवश्यकताएं होंगी राज्य सरकार उसे पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने खगड़िया के संसारपुर मैदान में खगड़िया जिला अंतर्गत 304 करोड़ रुपये की लागत से 319 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 मार्च को ट्रैफिक चालान मामलों का होगा निपटारा

एजेंसी

**पटना।** राज्य में लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने सूचना जारी कर आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने ट्रैफिक चालान का निपटारा कराने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार, पटना उच्च न्यायालय के स्तर से 11 मार्च 2026 को पारित आदेश को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 14 मार्च को बिहार के सभी व्यवहार न्यायालयों और अनुमंडल न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालानों के मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि जिन लोगों के ट्रैफिक चालान लंबित हैं, वे संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित निपटारा करा सकते हैं। इससे लोगों को लंबित मामलों से राहत मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया भी सरल व त्वरित होगी।

## बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

एजेंसी



**भागलपुर।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र स्थित दाउदबाट के समीप शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बालू लदा एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार से हबीबपुर से कजरैली की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे पैदल जा रही महिला ट्रैक्टर के पीछे लगे ट्रॉली में फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के फंसने के बावजूद चालक ने ट्रैक्टर की रफ्तार कम नहीं की, बल्कि तेजी से वाहन लेकर आगे बढ़ता रहा। इसके कारण महिला करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक बालू लदा वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं, इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और कई घंटों तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। उधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटाने की कोशिश में जुट गई। पुलिस की घंटों मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया।

## जदयू के जिला अध्यक्ष बने नंदलाल राय



**तेघड़ा/बेगूसराय।** बेगुसराय जिला जदयू अध्यक्ष का मामला सलट गया। प्रदेश ने नन्दलाल राय को जिला अध्यक्ष मनोनीत कर अटकल पर विराम लगा दिया।नन्दलाल राय पूर्व में जिला परिषद उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुके है। इनके मनोयन पर पूर्व जिलाध्यक्ष रूदल राय ने प्रदेश कमिटी का आभार व्यक्त किया है। आगे उन्होंने कहा कि जदयू सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करती है नये लोगो भी पार्टी में मौका देती है। इनके मनोयन पर तेघड़ा प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष चंदन कुमार,मोनू पटेल अशोक कुमार सिंह भाषों, हीरा महतो, पारस राय, राजीव कुमार सिंह, अविनाश महतो,आदि ने बधाई देते हुए कहा कि इनके अध्यक्ष बनने से जिला में संगठन मजबूत होगा साथ ही कार्यकर्ताओ को सम्मान मिलेगा।

## युवा आपदा मित्र स्कीम शिविर का निरीक्षण



**तेघड़ा/बेगूसराय।** 9 बिहार बटालियन एनसीसी बरौनी द्वारा आयोजित युवा आपदा मित्र स्कीम ( अटर) शिविर का निरीक्षण एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने किया।
इस शिविर में कुल 510 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। यह एक ऐसा विशेष प्रशिक्षण शिविर है जिसका उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के समय (बाढ़, भूकंप, आग लगना) त्वरित सहायता, रेस्क्यू और राहत कार्य करने के लिए तैयार करना है। साथ ही ड्रिल, हथियार चलाने, निशानेबाजी, शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नेतृत्व और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी शामिल हैं। निरीक्षण करने पहुँचे एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ने कैडेट्स को प्रेरणादायक संबोधन में समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सीख दी। उनका स्वागत 9 बिहार बटालियन के समादेषी पदाधिकारी कर्नल दीपक कुमार ने किया।ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने कैंप में मौजूद एडीआरएफ के 16 सदस्य, सभी एएनओ, पीआई स्टाफ एवं जीसीआई से संवाद किया और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी।निरीक्षण के बाद ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार, सूबेदार अनुज शर्मा एवं समस्त स्टाफ को शिविर के सफल संचालन के लिए बधाई दी।

## धुसहा में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम, 50 हजार नगद सहित हजारों के जेवरात लेकर चोर हुआ चंपत



**भगवानपुर/बेगूसराय।** विगत रात्रि भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत अंतर्गत धुसहा गांव स्थित वार्ड संख्या 6 में भीषण चोरी की घटना को चोरों ने दिया अंजाम, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। उक्त गांव निवासी सह वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य रंजीत साह पिता स्वर्गीय राम कैलाश साह ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी पिंकी देवी व दो पुत्र 16 वर्षीय अंशु कुमार तथा 13 वर्षीय छोटू कुमार के साथ घर के नीचले तल्ले में सोये हुए थे। सुबह जब सो कर उठा तब पता चला कि ऊपर वाले तल्ले पर अवस्थित कमरे का ताला खुला हुआ है तथा घर में समान बिखरे हुए हैं। अज्ञात चोर बक्सा का ताला खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगद व सोने व चांदी के जेवरात लेकर चंमपत हो गया था।इस घटना से स्वजन को गहरा आघात लगा तथा वे इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित स्वजनों से घटना के संबंध में पुछताछ की तथा पीड़ित स्वजन के फर्द बयान पर कार्रवाई करते हुए स्वान दस्ता से जांच कर चोरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि स्वान दस्ता व एफएसएल की टीम के द्वारा जांच की गई है। बहुत जल्द ही चोरी का समान बरामद कर लिए जाएंगे तथा चोर भी पुलिस पकड़ में होगी,वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रजनीश कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उनका दु:ख बांटने का प्रयास किया। मुखिया श्री सिंह ने बताया कि जोकिया पंचायत में इससे पूर्व भी कई बार चोरी घटनाएं हुई है।

## राज्यसभा चुनाव : हॉर्स ट्रेडिंग से होगा पांचवीं सीट पर जीत-हार का फैसला

**एनडीए की नजर कांग्रेस विधायकों पर, महागठबंधन को ओवैशी के विधायकों पर भरोसा**

एजेंसी

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है। यह चुनाव एनडीए के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बनी हुई है , क्योंकि पांचों सीटों को जीतने के लिए एनडीए ने पांच उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं राजद भी एक सीट पर जीत हासिल करने की भरपूर कोशिश कर रहा है। विधायकों की संख्या के आधार पर एनडीए के चार उम्मीदवारों की जीत तय है। पांचवे उम्मीदवार को लेकर संशय बरकरार है। पांचवी सीट को लेकर पक्ष-विपक्ष में शह-मात का खेल जारी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपने अपने विधायकों को एकजुट रखने में जुटे हुए हैं। दिलचस्प यह है कि इस बार मुकाबले में गणित काफी पेचीदा हो गया है। इस चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन दोनों की नजर उन विधायकों पर टिकी है जो किसी भी खेमे में खुलकर शामिल नहीं हैं। ऐसे विधायकों का रुख ही इस सीट का फैसला कर सकता है। सवाल यह है कि-आखिर कौन किसे वोट देगा?

मालूम हो कि राज्यसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को जीत के लिए 41 वोट की जरूरत है। एनडीए के पास कुल 202 विधायक है। इसके आधार पर गठबंधन की चार सीटों पर जीत तय मान रहा है। लेकिन पांचवीं सीट पर मामला अटकता दिखाई दे रहा है। इस सीट के लिए एनडीए के पास 38 वोट हैं। ऐसे में उसे जीत के लिए कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों की जरूरत होगी। एनडीए खेमे के एक विधायक जदयू के मोकामा से निर्वाचित अनंत सिंह जेल में हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव के दौरान उनके मतदान के लिए उन्हें जेल से बाहर आना होगा। इसे लेकर शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसला दिया है कि अनंत सिंह राज्यसभा चुनाव में वोट डालेंगे। वे कस्टडी में विधानसभा आयेंगे और वोट डालकर वापस जेल जायेंगे। उधर, एनडीए विधायकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी शामिल हुए। भाजपा की ओर से यह बैठक उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास पर गुरुवार को आयोजित की गई, जो देर रात तक चली। इसमें राज्यसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। विधायकों को खास तौर पर सतर्क रहने की सलाह दी गई। इसके साथ ही एनडीए के सभी विधायकों को 16 मार्च तक पटना में ही रहने का निर्देश दिया गया है। यानी मतदान होने तक कोई भी विधायक पटना नहीं छोड़ेगा। नेताओं ने साफ कहा कि अगर किसी तरह का अज्ञात फोन कॉल आए या कोई कहीं बुलाए तो उस पर ध्यान न दें और बिना जानकारी के कहीं न जाएं।

# सारण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौलाना का फूंका पुतला

एजेंसी



**सारण।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के विरुद्ध एक मौलाना द्वारा की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सारण के भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त है। इस कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी सारण के तत्वावधान में शहर की हृदयस्थली कहे जाने वाले नगर पालिका चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया और आरोपित का पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर 1:30 बजे कार्यकताओं का हुजूम नगर पालिका चौक पर इकट्ठा हुआ, जहाँ आरोपी मौलाना का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ऐसी संकीर्ण मानसिकता वाले व्यक्तियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए जो सार्वजनिक मंचों से माता-बहनों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर समाज में विद्वेष फैलाते हैं। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने सामूहिक रूप से इस घटना की निंदा की। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा किसी की भी माता के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग भारतीय संस्कृति विरुद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता के प्रति की गई टिप्पणी केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान है।

निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा और महामंत्री विवेक सिंह ने भी संबोधित करते हुए कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग मयार्दा की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं।

# लोक शिकायत निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: जिलाधिकारी

एजेंसी



**सारण।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में द्वितीय अपील के तहत कुल चौदह मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान दस मामलों का अंतिम रूप से निष्पादन करते हुए आदेश पारित किया। शेष चार मामलों में उन्होंने संबंधित लोक प्राधिकारों को पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का कड़ा निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। सुनवाई के दौरान दिघवारा अंचल के ग्राम झौवा निवासी रौशन कुमार सिंह द्वारा अतिक्रमण से संबंधित एक परिवाद दर्ज कराया गया था। इस मामले में प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पंचायत सचिव सह हल्का कर्मचारी सुप्रिया कुमारी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित करने का निर्देश दिया।

# विकसित भारत 2047 की यात्रा में दिव्यांगजन समान भागीदार : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को दिव्यांगजनों की प्रतिभा, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का उत्सव मनाने के लिए पर्पल फेस्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में दिव्यांगजन समान भागीदार हैं। राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान दिनभर चले उत्सव में 8 हजार से अधिक दिव्यांगजन अमृत उद्यान पहुंचे, जिसे विशेष रूप से उनके लिए खोला गया था। इस दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से दिव्यांगजनों ने खेल, सीखने और मनोरंजन से जुड़ी कई गतिविधियों में भाग लिया। शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी ने राष्ट्रपति भवन स्थित ओपन एयर थिएटर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया, जिसमें दिव्यांग कलाकारों ने



अपनी प्रस्तुति दी।
राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी देश या समाज की पहचान केवल उसकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह समाज के वंचित वर्गों के प्रति कितनी संवेदनशीलता दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास और संस्कृति में संवेदनशीलता, समावेशिता और सामंजस्य की भावना हमेशा से प्रमुख रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सामाजिक न्याय, समानता और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा के आदर्शों को स्थापित करता है। राज्य के नीति निदेशक तत्वों के माध्यम से दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक सहायता का अधिकार भी प्रदान किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि समावेशी समाज के निर्माण के लिए दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। यह केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्था की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है।
उन्होंने दिव्यांगजनों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार और समाज उनके साथ खड़े हैं। उनका समर्पण, मेहनत और लगन न केवल उनके लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि अन्य नागरिकों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उल्लेखनीय है कि पर्पल फेस्ट का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने किया, जिसका उद्देश्य विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में दिव्यांगजनों के प्रति समझ, स्वीकृति और समावेशन को प्रोत्साहित करना है।

## प्रधानमंत्री मोदी का बंगाल दौरा शनिवार को, करेंगे 18,680 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर आएंगे, जहां वह कोलकाता में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और 18,680 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सड़क, रेलवे, बंदरगाह और नौवहन क्षेत्रों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा, जो एक मार्च को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के एक दिन बाद शुरू हुई थी, राज्य में लगभग 10 हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। पार्टी नेताओं के अनुसार यह यात्रा जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ संगठन की जमीनी ताकत को परखने का प्रयास भी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 28 फरवरी को जारी जानकारी में बताया गया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अब तक 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इससे राज्य में मतदाताओं की संख्या करीब 7.66 करोड़ से घटकर लगभग 7.04 करोड़ रह गई है। इसके अलावा 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को विवादाधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनकी पात्रता का निर्णय आने वाले समय में कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब खबर है कि निर्वाचन आयोग अगले सप्ताह विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा कर सकता है। सड़क संपर्क को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 16,990 करोड़ रुपये है। इनमें पश्चिम बंगाल और झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 तथा पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-114 के हिस्से शामिल हैं, जिनका उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यात्रा समय कम करना और क्षेत्रीय संपर्क बेहतर करना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-116ए के तहत खड़गपुर-मोरेग्राम आर्थिक गलियारे के 231 किलोमीटर लंबे चार लेन मार्ग की पांच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। रेलवे क्षेत्र में वह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के छह पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिनका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है। शनिवार की यह रैली वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले ब्रिगेड परेड ग्राउंड में हुई उनकी जनसभा के बाद उसी स्थल पर प्रधानमंत्री की पहली सार्वजनिक सभा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विनय कुमार सक्सेना ने लद्दाख के चौथे उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली

**लद्दाख।** दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली। सीआईबीएस ऑडिटोरियम लेह में आयोजित एक समारोह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली ने सक्सेना को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्य सचिव लद्दाख, सभी प्रशासनिक सचिव और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। यूटी लद्दाख के चौथे एलजी के रूप में शपथ लेने के बाद वीके सक्सेना को लद्दाख पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उनकी नियुक्ति लद्दाख के उपराज्यपाल पद से कविंदर गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद हुई। सक्सेना ने कविंदर गुप्ता का स्थान लिया हैं, जिन्हें जुलाई, 2025 में उपराज्यपाल लद्दाख के रूप में नियुक्त किया गया था। कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

### पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बीएसएफ ने बरामद किया संदिग्ध पैकेट

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शुक्रवार को जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक संदिग्ध पैकेट बरामद किया है। माना जा रहा है कि इस पैकेट को एक पाकिस्तानी ड्रोन से गिराया गया था। शुरूआती जानकारी के अनुसार यह पैकेट सीमावर्ती इलाके में मिला, जिसका वजन लगभग 1500 ग्राम था। बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमों ने तुरंत इलाके को सुरक्षित कर लिया। बरामद किए गए पैकेट को अभी तक खोला नहीं गया है। एहतियाती कदम के तौर पर पैकेट को मेटल डिटेक्टर से उचित जांच के बाद ही खोला जाएगा, ताकि इसके अंदर किसी भी विस्फोटक सामग्री की संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। बरामद किये गए पैकेट की जांच और तकनीकी परीक्षण जारी है। जम्मू जिले के बिश्नाह पुलिस स्टेशन के बदादुरपुर गांव के बाहरी इलाके में खेतों से बुधवार को एक जॉइंट ऑपरेशन में 12 करोड़ कीमत के हाई ग्रेड नारकोटिक्स (संदिग्ध ड्रोन ड्रॉपिंग) की भारी मात्रा बरामद की गई थी। यह इलाका भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर से बस कुछ दूरी पर है।

### वाराणसी स्टेशन पर 3.54 करोड़ का सोना बरामद, दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से जीआरपी थाना के पुलिसकर्मियों ने दो किलो से अधिक सोना बरामद किया है। यह सोना अफ्रीका से बांग्लादेश होते हुए भारत पहुंचा था। इस मामले में जीआरपी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।उनसे पूछताछ की जा रही है। जीआरपी कैंट थाना के निरीक्षक राजोल नागर ने बताया कि महाराष्ट्र के सातार के निवासी बालासो व पूना निवासी तेजस को कैंट रेलवे स्टेशन से जीआरपी पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस से पकड़ा है। यह दोनों शातिर किस्म के हैं और अक्सर इस तरह की घटनाओं में लिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के पास से दो किलो से अधिक सोने के बिस्किट बरामद किये गए। बरामद सोने की कीमत करीब 3.54 करोड़ के करीब बताई जा रही है। इनके पास से बरामद सोना विशेष रूप से अफ्रीकी सोना है। पूछताछ में पता चला कि दोनों अफ्रीका से बांग्लादेश के रास्ते सोना लेकर भारत पहुंचे थे। जीआरपी पुलिस दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

*लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण व अगले चरणों के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए रक्षा मंत्री*

# आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भारत पर हमले की सोच भी नहीं सकता : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया गया कि वह फिर कभी उबर भी नहीं पाएगा। भारत की सेना पूरी तरह से सतर्क और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण और तीसरे व चौथे चरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।
गोमती नदी के तट पर झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ का तेजी से विकास हो रहा है और डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी हो रहा है और यह शहर देश की सुरक्षा व्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल



से पाकिस्तानी आतंकवादियों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया गया कि वे दोबारा ऐसी हरकत करने की सोच भी नहीं सकते हैं। अगर सोचा तो वे इस बार के हमले से कभी उबर भी नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले हर मंसूबे को करारा जवाब दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग मुख्यमंत्री योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया, लेकिन बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं बल्कि विकास की नयी जमीन भी तैयार करता है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा महज 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान की यात्रा पर जा सकेंगे। मुझे लगा था कहीं यह यात्रा स्थगित ना हो जाए मगर वह यात्रा पर गए और वहीं वेशभूषा पहन कर गए और वही खान-पान रखा और जिसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में जबरदस्त निवेश आया है।
समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रशासन की जिस जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया और इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। उन्होंने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए राज्य सरकार ने धन की व्यवस्था कर ली है। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। हम कह सकते हैं कि अब लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है। इस समारोह में राज्यसभा सदस्य व प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री प्रोफेसर दिनेश शर्मा, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह समेत कई विधायक व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुटेरेस ने जताई पश्चिम एशिया संकट पर चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'मध्य पूर्व में गहराता संकट अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। इसने आम नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंचाई है। तनाव कम करना और बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। मैं सभी पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे शत्रुता समाप्त करें, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें, नागरिकों की रक्षा करें और तुरंत बातचीत की मेज पर लौटें।' विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) और राजदूत सिबी जॉर्ज ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क से मुलाकात की। उन्होंने मानवाधिकारों, भारत की डिजिटल यात्रा और हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन पर अपने विचार साझा किए।

## मध्य अफ्रीकी गणराज्य में खदान धंसने से आठ की मौत, पांच घायल

**नौरौम, एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक खदान में हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना औहम-पेंडे प्रीफेक्चर की राजधानी नौरौम के एक शहर में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खदान में काम कर रहे मजदूर गहरी खुदाई कर रहे थे जब अचानक खदान का एक हिस्सा ढह गया। मौके पर मौजूद एक खदान संचालक, अल्बान मौसा याकाता ने बताया कि वे सब हतप्रभ और असहाय थे। मध्य अफ्रीकी गणराज्य में इस तरह की दुर्घटनाएं असामान्य नहीं हैं। देश में हजारों लोग छोटे पैमाने पर खनन का काम करते हैं। यह कार्य अत्यंत जोखिम भरा होता है, क्योंकि श्रमिकों के पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं होते हैं।

## तुर्किये में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा, एजेंसी।** शुक्रवार को तुर्किये में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटकों ने लोगों को झकझोर दिया। आपात सेवा एजेंसियों के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 रही। भूकंप के झटके लगते ही लोग घबराकर सड़कों पर आ गए। हालांकि इन झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र तोकात प्रांत के निक्सर शहर में करीब 6.4 किलोमीटर की गहराई में था। यह भूकंप तड़के 3:35 बजे आया और कई प्रांतों में महसूस किया गया। एएफएडी ने यह भी पुष्टि की है कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। इसके बावजूद, कई निवासियों को ठंड के बावजूद अपनी कारों या सड़कों पर इंतजार करते देखा गया, क्योंकि वे अपने घरों में लौटने से डर रहे थे। तुर्किये प्रमुख भूवैज्ञानिक फॉल्ट लाइनों पर स्थित है, जिसके कारण यहां भूकंप आना एक आम बात है। यह ध्यान देने योग्य है कि 2023 में, 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप ने तुर्किये में 53,000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी और 11 दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी प्रांतों में लाखों इमारतों को तबाह या क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके अतिरिक्त, पड़ोसी सीरिया के उत्तरी भागों में भी लगभग 6,000 लोगों की मृत्यु हुई थी।

## अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने फिर की एयरस्ट्राइक

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार हवाईअड्डे के पास निजी एयरलाइन काम एयर के ईंधन डिपो पर हवाई हमला किया है। मुझाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह कंपनी घरेलू एयरलाइनों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन उपलब्ध कराती है। उन्होंने पाकिस्तान पर पहले भी एक राष्ट्रीय व्यापारी हाजी खान जादाह के ईंधन भंडारण पर हमला करने का आरोप लगाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के अलीशेर-तेरेजाई जिले के कई इलाकों को भी निशाना बनाया। यह क्षेत्र तथाकथित डूरंड रेखा के पास स्थित है। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के अनुसार, तोपखाने की गोलाबारी में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा आरंभ बांग्लादेश सरकार से की हिंदुओं के संरक्षण की मांग

एजेंसी

**समालखा (हरियाणा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का शुक्रवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले ने उद्घाटन किया। इस दौरान सरकार्यवाह की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। संघ ने बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया कि वह अपने यहां हिंदुओं के अधिकारों का संरक्षण करे। तीन दिवसीय यह बैठक हरियाणा के समालखा स्थित माधव सृष्टि परिसर में आयोजित की गई है। प्रतिनिधि सभा के प्रारंभ के बाद यहां सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।
बैठक के शुरूआती सत्रों में दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों से




आए सुधार और मणिपुर में संघ के प्रयासों से आए सकारात्मक परिणामों का स्वागत किया गया। इसके अलावा बांग्लादेश सरकार से एक बार फिर आग्रह किया गया कि हिंदुओं के अधिकारों का वहां संरक्षण प्रदान करे।
सीआर मुकुंद ने बताया कि सरकार्यवाह ने अपने प्रतिवेदन में यह जानकारी दी कि संघ के शताब्दी वर्ष में किए गए प्रयासों से 4 हजार स्थान पर 5 हजार से अधिक शाखाओं में वृद्धि हुई है। गृह संपर्क अभियान के तहत संघ के कार्यकर्ता 10 करोड़ परिवारों तक पहुंचे हैं। तीन लाख से अधिक गांव में संघ के कार्यकर्ता गए हैं। केरल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां संघ के कार्यकर्ता साम्यवादी विचारधारा, मुसलमानों और ईसाई परिवारों से भी मिले हैं। अकेले केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों में संघ के कार्यकर्ता संघ और समाज से जुड़े विषय लेकर गए हैं। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के नाते 36 हजार से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। इसमें अरुणाचल के एक दुर्गम क्षेत्र में आयोजित हिंदू सम्मेलन का उदाहरण उल्लेखनीय है। संघ के शताब्दी वर्ष में दो प्रकार के कार्यक्रमों की योजना की गई जिनमें एक संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव, समरसता के लिए संगठित करने का उद्देश्य रखा गया।


## अमेरिका ने एच-1बी वीजा देने की प्रक्रिया में बदलाव किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लॉटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा। कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फॉर्म I 129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है।

# वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों (दूसरा बैच) को अपनी मंजूरी दे दी है। विपक्ष के हंगामे के कारण बार-बार स्थगित होने के बाद लोकसभा ने शुक्रवार को विनियोग विधेयक 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य वित्त वर्ष 2025-26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से कुछ अतिरिक्त राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सदन से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की दूसरी अनुपूरक मांग के माध्यम से 2.81 लाख करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी थी, जिसमें 2.01





लाख करोड़ रुपये की शुद्ध नकद राशि शामिल है। सकल अतिरिक्त व्यय की भरपाई मंत्रालयों एवं विभागों के 80,145.71 करोड़ रुपये बचत या बढ़ी प्राप्तियों व रिकवरी से की जाएगी।
सीतारमण ने लोकसभा में 'अनुदान की अनुपूरक मांगें 2025-26 के लिए दूसरा बैच' पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि आर्थिक स्थिरीकरण कोष से भारत को वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए वित्तीय सुदृढ़ता मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इस अनुदान की अनुपूरक मांग में 41,430.48 करोड़ रुपये रक्षा सेवाओं के राजस्व के लिए देने का प्रस्ताव है। लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर हुई चर्चा के जवाब में सीतारमण ने कहा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमानों (आरई) के दायरे में ही रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने अनुदान की अनुपूरक मांगों को दो तक सीमित रखा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा को बताया कि एमजीएनआरईजीए जब वीबी-जी रैम-जी विधेयक लाया गया था, तब 95,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसे 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुदान की अनुपूरक मांगों के तहत अतिरिक्त 30,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सीतारमण ने चर्चा के दौरान कहा कि मनरेगा-वीबी-जी-राम जी के प्रति हमारी प्रतिबद्धताएं पूरी की जा रही हैं।

# इराक में ड्रोन हमले में फ्रांसीसी सैनिक की मौत, कई घायल; मैक्रों ने दी बड़ी चेतावनी

एजेंसी

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में धधक रहा युद्ध अब खतरनाक रूप से फैलता नजर आ रहा है। लगातार हो रहे हमलों और जवाबी कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। इसी बीच इराक के कुर्द इलाके एरबिल में हुए घातक हमले ने हालात की गंभीरता और बढ़ा दी, जहां एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई। इस बात की जानकीरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के जरिए दी। मैक्रों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा



कि यह हमला अस्वीकार्य है। उन्होंने मृतक सैनिक के परिवार और साथियों के प्रति गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की।
बता दें कि मृतक सैनिक की पहचान फ्रांस के 7वें अल्पाइन शासर बटालियन के वारंट ऑफिसर आर्नौ फ्रियोन के रूप में हुई है। राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि इस हमले में कई अन्य फ्रांसीसी सैनिक भी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने सैनिकों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।
मैक्रों ने चेतावनी, दिए घातक संकेत : अपने पोस्ट में मैक्रों ने स्पष्ट किया कि फ्रांसीसी सैनिक 2015 से आईएसआईएस के खिलाफ लड़ाई में शामिल हैं और उनकी मौजूदगी केवल आतंकवाद के खिलाफ अभियान तक सीमित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान में युद्ध या किसी अन्य क्षेत्रीय संघर्ष को इस हमले का औचित्य नहीं बनाया जा सकता।

## आरोण्यक घोष बने राष्ट्रीय रैपिड शतरंज चैंपियन



रांची। शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज की राष्ट्रीय चैंपियनशिप इस समय रांची की बिरला विश्वविद्यालय में खेले जा रहे है और पहले दो के 11 राउंड के रैपिड मुक़ाबले के बाद देश को नया रैपिड चैंपियन रेलवे के अरोण्यक घोष के तौर पर मिला है . उन्होंने सर्वाधिक 9.5 अंक बनाते हुए खिताब अपने नाम किया ,2541 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 8 जीत और 3 ड्रा के साथ अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया इस दौरान सातवे से नौवे राउंड के दौरान प्रतियोगिता के शीर्ष तीन वरीय खिलाड़ी अभिमन्यु पौराणिक , मुरली कार्तिकेयन और मित्रभा गुहा पर उनकी जीत नें उनके लिए खिताब की राह आसान बना दी और अंतिम दोनों राउंड उन्होंने सम्हलकर खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 9 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर तमिलनाडु के मुरली कार्तिकेयन दूसरे और हरि माधवन तीसरे स्थान पर रहे । देश भर से कुल 11 ग्रैंड मास्टर्स समेत कुल 219 खिलाड़ियों नें इसमें प्रतिभागिता की जिसमें कुल 55 टाइटल खिलाड़ी थे ।

## युवाराज से पावर हिटिंग सीख रहे ऋषभ पंत

### आईपीएल से पहले स्टांस बदला, पिछले सीजन में 269 रन ही बना सके थे



मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल के पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत अब युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में युवराज की निगरानी में बड़े-बड़े शॉर्ट खेलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस वीडियो में युवराज सिंह उनकी तकनीक को ध्यान से देख रहे हैं। इतना ही नहीं, वे उन्हें बल्लेबाजी से जुड़े सुझाव भी देते नजर आ रहे हैं। पंत के लिए आईपीएल का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। वे एक शतकीय पारी के बावजूद महज 269 रन ही बना सके थे। इस ट्रेनिंग सेशन में पंत ने ओपन स्टांस लिया यानी कि वे बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़े खुले पैरों के साथ बैटिंग करते दिखे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें ऑफ-साइड में बड़े शॉट खेलने और बेहतर एंगल कवर करने में मदद मिलेगी। पंत चोट से वापसी कर रहे हैं। वे 11 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से ठीक पहले चोटिल हो गए थे। ट्रेनिंग सेशन के दौरान थ्रोडाउनर की बॉल पंत की दाहिनी पसलियों पर लगी थी। वे इस सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पिछला इंटरनेशनल मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में 22 से 26 नवंबर 2025 को खेला था। युवराज सिंह पिछले कुछ वर्षों में युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मेंटर साबित हुए हैं। उन्होंने शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी है। इन खिलाड़ियों ने युवराज के साथ अभ्यास के बाद टी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पंत से पहले खराब फॉर्म से गुजर रहे संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मदद ली थी।



### कुलदीप यादव की शादी में रिंकू सिंह-युजवेंद्र चहल मसूरी पहुंचे

# बोले- भाई की शादी, फुल डांस होगा

मसूरी (एजेंसी)। कुलदीप यादव की शादी को लेकर मसूरी में समारोह शुरू हो चुके हैं। सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे के बाद खत्म हुई। इसके बाद मेहमानों ने खास दावत का आनंद लिया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा है। हल्दी के बाद समारोह में डांस और मस्ती का दौर शुरू हो गया। इससे पहले ही क्रिकेट और मनोरंजन जगत की कई हस्तियां मसूरी पहुंच चुकी थीं। इसके अलावा रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, कैलाश खेर और बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंचे हैं।

क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ नजर आए। वहीं, युजवेंद्र चहल ने कहा कि भाई की शादी है, फुल डांस होगा। भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंच चुके हैं। वहीं, शाम तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को शादी समारोह में सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**बचपन की दोस्त से शादी कर रहे कुलदीप-** मसूरी में होने वाली इस शादी को लेकर होटल और आसपास के इलाकों में खास तैयारियां की गई हैं। अभी होटल में कुलदीप यादव के दोस्त मस्ती और डांस कर रहे हैं। कुलदीप अपनी मंगेतर और बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। यह रॉयल वेडिंग उत्तराखंड के मसूरी स्थित आलीशान आईटीसी सेवॉय होटल में हो रही है। शादी के कार्यक्रम 12 मार्च से शुरू हुए थे, जो 14 मार्च तक चलेंगे। डिजिटल इन्विटेशन कार्ड में मेहंदी, हल्दी, संगीत, कॉकटेल और शादी के मुख्य कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की गई है। कुलदीप 12 मार्च को देहरादून पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह कार से मसूरी पहुंचे। होटल के एंट्री गेट पर कुलदीप यादव नाचते और जश्न मनाते हुए नजर आए।






- **कुलवंश के नाम से ट्रेंड करेगी शादी-** डिजिटल इन्विटेशन कार्ड की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से की गई है। कार्ड को रॉयल और मॉडर्न लुक दिया गया है, जिसमें कुलदीप यादव और वंशिका सिंह के एनिमेटेड अवतार भी नजर आते हैं। कपल ने अपनी शादी के लिए कुलवंश चुना है। यह हैशटैग कुलदीप के नाम के 'कुल' और वंशिका के नाम के 'वंश' को मिलाकर बनाया गया है। माना जा रहा है कि शादी से जुड़े फोटो और वीडियो इसी हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किए जाएंगे।

**हल्दी रस्म हुई संगीत और कॉकटेल -** 13 मार्च को सुबह 11 बजे होटल के बीयर गार्डन में हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद शाम 6 बजे सेंट्रल लॉन में ग्रैंड संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित थी।

### एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026

# भारत ने सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया

**फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ंत**

एजेंसी



**हैदराबाद। भारतीय** महिला हॉकी टीम ने 'एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर- 2026' के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया। भारत की फाइनल में भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। भारतीय टीम के लिए मैच में एकमात्र गोल मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में किया। सेमीफाइनल मुकाबले का पहला क्वार्टर बेहद कड़ा रहा। दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर कब्जे के लिए लगातार संघर्ष करती हुई नजर आईं। भारत ने मैच की शुरूआत जोरदार अंदाज में की और कुछ दमदार 'सर्कल एंट्री' की। हालांकि, इटली ने भी धीरे-धीरे आक्रामक रुख अपनाना शुरू किया और गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मेजबान टीम ने गेंद को आगे बढ़ाने के लिए मैदान के किनारों का इस्तेमाल किया।

भारतीय टीम ने बड़ी संख्या में हमले बोले और गोल के करीब (सर्कल में) कई अहम एंट्री कीं। 18वें मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर के शॉट को इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से रोक दिया। 27वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इटली की डिफेंडर ने गोल-लाइन पर ही उनके शॉट को रोककर भारत को गोल करने से वंचित कर दिया। 29वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल करने का एक और मौका मिला, पर नवनीत कौर का शॉट लक्ष्य से भटक गया। दूसरे हाफ के शुरूआती मिनटों में इटली ने गोल पर जोरदार हमला बोला। एमिलिया मुनिटिस गोल के बेहद करीब पहुंच गई थीं, लेकिन भारत की गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम ने आगे बढ़कर एक अहम बचाव किया। 40वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने उसे सफलतापूर्वक गोल में बदलकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली।

मनीषा चौहान (40वें मिनट) ने मैदान के बीच से एक जोरदार ड्रैग-फ्लिक लगाया और वह इटली के डिफेंस को भेदने में सफल रहीं। आखिरी क्वार्टर के शुरूआती मिनटों में भारत को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले। टीम ने मैच के अंतिम चरण में अपनी बढ़त को और बढ़ाने की पूरी कोशिश की। हालांकि, इटली के डिफेंस ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए भारत को गोल करने का मौका नहीं दिया। इटली ने मैच के आखिरी मिनटों में अपनी पूरी जान लगा दी और 59वें मिनट में एक अहम पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, पर भारत ने अपने विरोधी को बराबरी का गोल करने से रोक दिया और जीत हासिल की। भारतीय टीम अब फाइनल मुकाबले में 14 मार्च को इटली से भिड़ेगी।

## अल्काराज लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा, मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज़्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिंग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा, टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है, जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूँ क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पाँच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है।



## हर्षित राणा आईपीएल 2026 से हो सकते हैं बाहर

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स को आगामी आईपीएल सीजन से पहले बड़ा झटका लग सकता है। टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पूरी तरह फिट नहीं हैं और आईपीएल 2026 से बाहर हो सकते हैं। हर्षित राणा टी20 वर्ल्ड कप से पहले एक वॉर्म-अप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब से वह क्रिकेट के मैदान से दूर हैं और अब तक रिकवर नहीं कर पाए हैं। उन्होंने फरवरी 2026 में सफल सर्जरी कराई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सर्जरी और रिहैबिलिटेशन के कारण वह आईपीएल2026 के बड़े हिस्से या पूरी सीजन से चूक सकते हैं। यह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है, क्योंकि राणा पिछले सीजन में टीम के प्रमुख गेंदबाजों में से एक थे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट (टी20 विश्वकप) शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई थी, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। यह चोट टी20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिंग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूनामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार करने की घोषणा की। मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजरबानी हाल में खत्म हुए टी20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा।

### बीसीसीआई ने प्रैक्टिस सेशन की गाइडलाइन जारी की, 2 प्रैक्टिस मैच खेल सकेंगी

# अब नेट्स शेयर नहीं कर सकेंगी आईपीएल टीमें

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों के प्रैक्टिस सेशन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की हैं। इसके अनुसार कोई भी टीम उस नेट या पिच पर प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी, जिस पर दूसरी टीम पहले अभ्यास कर चुकी हो। हर टीम को अभ्यास के लिए अलग और नए नेट उपलब्ध कराए जाएंगे।



अगर दो टीमें अलग-अलग समय पर अभ्यास करती हैं तो भी पहली टीम के इस्तेमाल किए नेट दूसरी टीम को नहीं दिए जाएंगे। अगर कोई टीम जल्दी अभ्यास खत्म कर देती है, इस स्थिति में भी दूसरी टीम उसकी रेंज-हिटिंग पिच का उपयोग नहीं कर पाएगी।

आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने एक दिन पहले 11 मार्च को आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी किया है।

### प्रैक्टिस गाइडलाइन

**1. हर टीम 2 प्रैक्टिस मैच ही खेल सकेगी-** फ्लडलाइट में प्रैक्टिस मैच की अवधि अधिकतम साढ़े तीन घंटे होगी। हर टीम को बीसीसीआई की परमिशन के बाद ज्यादा से ज्यादा 2 प्रैक्टिस मैच खेलने की अनुमति होगी। हालांकि, ये मुकाबले मुख्य पिच पर नहीं खेले जाएंगे, बल्कि साइड विकेट पर आयोजित किए जाएंगे।

**2. मैच से 4 दिन पहले तक मेन पिच पर प्रैक्टिस या ट्रेनिंग नहीं-** किसी फ्रेंचाइजी के पहले घरेलू मैच से 4 दिन पहले तक मुख्य पिच पर कोई अभ्यास सत्र या प्रैक्टिस मैच नहीं होगा, ताकि पिच को सीजन के लिए तैयार किया जा सके। प्रैक्टिस सेशन के समय तय करने में होम टीम को प्राथमिकता दी जाएगी। अगर दोनों टीमें एक ही समय पर अभ्यास करना चाहें और आपस में सहमति नहीं बने। ऐसे में बीसीसीआई हस्तक्षेप कर अभ्यास के अलग-अलग समय स्लॉट तय करेगा।

3. कैटरिंग, मेडिकल और सिक्योरिटी होम टीम की जिम्मेदारी

गाइडलाइन के अनुसार अभ्यास सत्र के दौरान कैटरिंग, मेडिकल सेवाएं, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की जिम्मेदारी होम फ्रेंचाइजी की होगी। जबकि मेहमान टीम को अपने पेय पदार्थों की व्यवस्था खुद करनी होगी।

# ट्रम्प बोले- ईरानी टीम का अमेरिका न आना ही बेहतर

### हालांकि हम उनका स्वागत करेंगे, ईरानी मंत्री बोल चुके-फीफा वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरानी फुटबॉल टीम को अपनी जान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका नहीं आना ही बेहतर होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरानी टीम का स्वागत है।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून को मैक्सिको सिटी से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेला जाएगा।


**ईरानी खेल मंत्री ने कहा था कि खेलना मुश्किल-** वहीं, एक दिन पहले ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने कहा कि देश की फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकती। उनका कहना है कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के बाद बने हालात में टीम का टूर्नामेंट में भाग लेना संभव नहीं है। इससे पहले फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने बताया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने के लिए अमेरिका आने की अनुमति दी जाएगी।

**टिकटों की डिमांड सबसे ज्यादा, खिलाड़ियों को मिलेगा स्टार ट्रीटमेंट-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने बताया कि वर्ल्ड कप के टिकटों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने फैन्स और खिलाड़ियों को भरोसा दिलाते हुए लिखा,संयुक्त राज्य अमेरिका फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। टिकटों की बिक्री आसमान छू रही है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे महान और सुरक्षित आयोजन होगा। ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने सुरक्षा पर उठाए सवाल ईरान फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज ने भी वर्ल्ड कप को लेकर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि हालिया हमलों के बाद ईरान से वर्ल्ड कप को लेकर उम्मीद रखने की गुंजाइश नहीं है। ताज ने ईरानी सरकारी टेलीविजन पर सवाल उठाते हुए कहा, वर्ल्ड कप का माहौल ऐसा ही रहने वाला है, तो कौन सा देश अपनी नेशनल टीम को ऐसी जगह भेजने की हिम्मत करेगा? 2026 का फीफा वर्ल्ड कप कई मायनों में खास होने वाला है। इस बार टूर्नामेंट में कुल 104 मैच खेले जाएंगे।



## अमेरिका की 'लैकलिस्ट' में भारत!

# ट्रंप प्रशासन ने शुरू की अनफेयर ट्रेड की जांच, 60 देशों पर गिर सकती है गाज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर गलत तरीके से व्यापार करने के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित इन देशों के खिलाफ नई जांच शुरू कर दी है। इस कदम से आने वाले समय में अतिरिक्त टैरिफ जैसे दंड लगाए जाने का रास्ता साफ हो सकता है। यह कार्रवाई तब की गई है जब हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप द्वारा लगाए गए पुराने टैरिफ को रद्द कर दिया था। इसके बाद अब ट्रंप प्रशासन अन्य विकल्पों की तलाश कर रहा है। अमेरिका की ओर से शुरू की गई यह जांच विशेष रूप से अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता पर केंद्रित है। इस जांच के दायरे में भारत के अलावा यूरोपीय संघ, चीन, जापान और कई अन्य देश शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से अमेरिका के अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों के साथ तनाव बढ़ सकता है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने बताया कि ट्रंप प्रशासन दो अलग-अलग जांच शुरू कर रहा है। अत्यधिक उत्पादन और औद्योगिक क्षमता से जुड़ी जांच। जबरन श्रम से बने प्रोडक्ट के आयात से संबंधित जांच। हमें अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करने की जरूरत है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे व्यापारिक भागीदारों के साथ निष्पक्ष व्यापार हो। अगर समस्या हल करने के लिए हमें टैरिफ लगाने की आवश्यकता पड़ी, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। जबरन श्रम से जुड़े प्रोडक्ट पर होने वाली दूसरी जांच का असर करीब 60 व्यापारिक साझेदार देशों पर पड़ सकता है। हालांकि यह साफ नहीं किया गया है कि संभावित दंड या टैरिफ सभी देशों पर समान होंगे या अलग-अलग।

# अडानी का शेयर बना रॉकेट, 2 दिन में 35 प्रतिशत चढ़ गए शेयर के दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी टोटल गैस के शेयर गुरुवार को बीएसई में 13 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 650 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में दो दिन में 35 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 476 रुपये से बढ़कर 650 रुपये पर पहुंच गए हैं। घरेलू शेयर बाजार लगातार दबाव में है। बाजार में तेज गिरावट देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को इंट्राडे के दौरान 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया है। गिरावट की इस आंधी में भी अडानी ग्रुप के एक शेयर में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। अडानी ग्रुप की यह कंपनी अडानी टोटल गैस लिमिटेड है। अडानी टोटल गैस के शेयर गुरुवार को बीएसई में 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 650 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में दो दिन में 35 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी



टोटल गैस लिमिटेड के शेयर दो दिन से रॉकेट सा उड़ रहे हैं। 2 दिन में अडानी टोटल गैस के शेयर 35 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के शेयर 10 मार्च 2026 को 476 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयर 12 मार्च 2026 को 650 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 5 दिन में अडानी टोटल गैस लिमिटेड के शेयरों में 32 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अडानी टोटल गैस का मार्केट कैप गुरुवार को 70000 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। अडानी टोटल गैस लिमिटेड में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 74.80 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25.20 पर्सेंट है। गुजरात गैस लिमिटेड और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड जैसी दूसरी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली है। गुजरात गैस लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बीएसई में इंट्राडे के दौरान 9 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 432 रुपये पर जा पहुंचे हैं। वहीं, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के शेयर उछाल के साथ 164.65 रुपये पर पहुंच गए। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 229.20 रुपये है।

### गैस सप्लाई पर असर

अडानी टोटल गैस लिमिटेड ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसके कुछ गैस सप्लायर्स ने पश्चिम एशिया में बढ़ते भूराजनीतिक तनाव के बीच सप्लाई में कटौती की है, इससे कुछ इंडस्ट्रियल कस्टमर्स को सर्विसेज देने की उसकी क्षमता पर असर पड़ा है। अडानी टोटल गैस लिमिटेड ने कहा है कि गैस सप्लाई बाधित होने की वजह से इंडस्ट्रियल सप्लाई के लिए गैस की उपलब्धता घटी है।

# रूस से सस्ता तेल खरीदने में फंसा पेंच

## पेमेंट को लेकर पैदा हो सकता है संकट, एसबीआई ने पेमेंट करने से पीछे खींचे हाथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच भारत में कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसे देखते हुए कुछ दिनों पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को 30 दिन तक रूसी तेल खरीदने की छूट दी है। इस छूट के बाद भारत ने रूसी तेल खरीदना शुरू भी कर दिया है, लेकिन पेमेंट को लेकर संकट पैदा हो सकता है। ऑयलप्राइसडॉटकॉम के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रूसी तेल का पेमेंट करने से बच रहा है। यूक्रेन पर हमले को लेकर अमेरिका ने कुछ रूसी तेल कंपनियों पर बैन लगाया था। बाद में ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। बाद में भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी कम कर दिया था। इससे पहले भारत रूस से सस्ती कीमत पर तेल खरीद रहा था। ट्रेड डील के दौरान ट्रंप ने कहा था कि भारत रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। इसके बाद से कई भारतीय बैंक रूसी तेल कंपनियों को पेमेंट करने से बच रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा और अमेरिकी बाजार में अपने हितों को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। अमेरिका की ओर से दी गई यह छूट वर्तमान में केवल एक महीने के लिए है। बैंक इस बात को लेकर अनिश्चित है कि एक महीने बाद अमेरिका की ओर से मिली यह छूट आगे बढ़ेगी या नहीं। अमेरिकी बाजार में बड़ा निवेशः एसबीआई के इंटरनेशनल लोन पोर्टफोलियो का 26 प्रतिशत हिस्सा अकेले अमेरिका में है। बैंक अपने इस




बड़े कारोबार को किसी भी तरह के प्रतिबंधों या कानूनी उलझनों से बचाना चाहता है। पिछले साल अमेरिका ने रूसी ऊर्जा कंपनियों पर बैन लगाया था। इसके बाद कुछ भारतीय बैंक रूसी तेल व्यापार के वित्तपोषण पर विचार कर रहे थे। हालांकि अब भी रूसी कच्चे तेल से जुड़े पेमेंट से दूरी बनाए हुए है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह अपनी करीब 60 प्रतिशत तेल जरूरतें मिडिल ईस्ट से पूरी करता है। हाल के भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुत जलडमरूमध्य में टैंकर आवाजाही प्रभावित होने से भारत की आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। अमेरिकी ट्रेजरी के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने पिछले सप्ताह भारत को एक जनरल लाइसेंस जारी किया था। इसमें रूसी तेल से जुड़ी छूटों का जिक्र है जो इस प्रकार हैः भारतीय रिफाइनर 4 अप्रैल 2026 तक उन रूसी जहाजों से तेल खरीद सकते हैं जिन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। यह छूट केवल उन जहाजों के लिए है जिन पर तेल की लोडिंग 5 मार्च 2026 या उससे पहले हो चुकी है। इसका उद्देश्य लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण भारत पर पड़ रहे तेल आपूर्ति के दबाव को कम करना है। 130 मिलियन बैरल रूसी कच्चा तेल समुद्र में टैंकरों पर मौजूद था। इसमें से लगभग 27 मिलियन बैरल अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र, 20 मिलियन बैरल लाल सागर और स्वेज नहर मार्ग के पास और करीब 7.5 मिलियन बैरल सिंगापुर के आसपास मौजूद है।

# गोयल ने कहा - गुणवत्ता, स्थिरता और एआई भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि गुणवत्ता, स्थिरता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत कृषि-खाद्य क्षेत्र में विशेष रूप से निर्यात के मामले में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। इसमें बेहतर कोल्ड-चेन बुनियादी ढांचे और नवीन पैकेजिंग समाधानों का अहम योगदान है, जिनकी मदद से भारतीय उत्पाद वैश्विक प्रीमियम बाजारों तक अपनी पहुंच बना पा रहे हैं। पीयूष गोयल नई दिल्ली में भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के 6ठे अंतरराष्ट्रीय पैकेजिंग उद्योग शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में पैकेजिंग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलती खाद्य प्रणालियां, उपभोग के बदलते तौर-तरीके और जलवायु संबंधी चिंताएं सुरक्षित



और सतत भोजन की मांग को बढ़ा रही हैं; ऐसे में पैकेजिंग खाद्य सुरक्षा, वैश्विक व्यापार और उपभोक्ता विश्वास के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व बन गई है। वैश्विक मानकों के महत्व पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि भारत कई 'मुक्त व्यापार समझौतों' (एफटीए) के माध्यम से अपने व्यापार का विस्तार कर रहा है। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग निर्यात को मजबूत करने और उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य होगी। गोयल ने कहा कि 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग' जैसी संस्थाएं तकनीकी मार्गदर्शन, नवाचार, परीक्षण सेवाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केंद्रीय मंत्री ने पैकेजिंग क्षेत्र में स्थिरता और डिजिटल नवाचार की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस उद्योग को 'चक्रीय अर्थव्यवस्था' के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए, जैसे कि पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों का उपयोग करना और अपशिष्ट को कम करना। इस सेक्टर को भारत के लंबे समय के विजन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करना, मजबूत सप्लाई चेन और इनोवेशन पर आधारित उद्योगों पर निर्भर करेगा। गोयल ने 'भारत पैकेजिंग प्रदर्शनी 2027' की घोषणा भी की। इस प्रदर्शनी का आयोजन 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग' की ओर से 'इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड' के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में करीब 50 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 1,500 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर द्विपक्षीय बातचीत रुकने की खबरों को किया खारिज

**केंद्र** सरकार ने शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर द्विपक्षीय बातचीत रुक जाने का दावा करने वाली खबरों को खारिज किया है। सरकार का कहना है कि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत का सिलसिला जारी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि हमने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट पर गौर किया है, जिसमें द्विपक्षीय बातचीत रुक जाने का दावा किया गया है। सरकार ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता में कोई ठहराव आया है। दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए संपर्क में बने हुए हैं।


# लगातार तीसरे दिन भी गिरा घरेलू शेयर बाजार

## निवेशकों के 9.88 लाख करोड़ रुपये डूबे

**तीन दिन में सेंसेक्स में 3,642 अंक और निफ्टी में 1,110 अंक की गिरावट**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली सुधार होता हुआ भी नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.93 प्रतिशत और निफ्टी 2.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले तीन दिन से लगातार जारी कमजोरी के कारण इन तीन दिनों में सेंसेक्स 3,642.06 अंक और निफ्टी 1,110.50 अंक टूट चुके हैं। आज दिन भर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स



गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक, मीडिया और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज जम कर बिकवाली होती रही। इसके अलावा आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 2.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

# छोटे शहरों में भी जमीन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में खूब ग्रोथ हो रहा है। इन छोटे शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सरकार की तरफ से लगातार निवेश हो रहा है। फलस्वरूप इन शहरों में आने वाले 2 से 4 साल में जमीन की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। यह अनुमान प्रॉपटेक कंपनी स्क्वायर यार्ड्स की ताज़ा रिपोर्ट में लगाया गया है। इंडियाज नेक्स्ट रियल एस्टेट ग्रोथ साइकिलः द राइज ऑफ टियर-2 एंड टियर-3 सिटीज शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कई बातों का खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक सरकार की बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित विकासोन्मुख नीतियों के चलते तय समय सीमा में कुछ खास कॉरिडोर में जमीन की कीमतें 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। इस रिपोर्ट का कहना है कि जब किसी इलाके में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत होता है और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित होते हैं, तो वहां जमीन की कीमतें तैयार हाउसिंग बाजार के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ती हैं। मतलब कि तेज विकास का असर सबसे पहले और सबसे ज्यादा जमीन की कीमतों पर ही दिखाई देता है।



स्क्वायर यार्ड्स की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजर से विकसित हो रहे इन शहरों में जमीन की कीमतों को बढ़ाने में कई तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर कारक अहम भूमिका निभा सकते हैंः जिन प्रॉपर्टीज़ की दूरी मेट्रो कॉरिडोर से 500 मीटर से 1 किलोमीटर के बीच होती है, वहां आमतौर पर 8 से 25 प्रतिशत तक प्रीमियम देखा जाता है। मेट्रो प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद पूरे कॉरिडोर में कीमतें करीब 15 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। एयरपोर्ट और एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का असर और भी तेज होता है। इनके प्रभाव वाले इलाकों में प्रोजेक्ट की घोषणा से लेकर पूरा होने तक जमीन की कीमतें 30 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। तेजी से विकसित हो रहे शहरों के बाहरी इलाकों, खासकर प्लॉटेड डेवलपमेंट और जमीन के बाजार में, बेहतर कनेक्टिविटी मिलने के बाद कई वर्षों में कीमतें 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत से ज्यादा तक बढ़ने की संभावना रहती है। वहीं औद्योगिक कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब, जहां रोजगार के मौके बढ़ते हैं, वहां जमीन की कीमतों में आमतौर पर 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

स्क्वायर यार्ड्स के सीईओ और को-फाउंडर तनुज शोरी का कहना है 'भारत का रियल एस्टेट बाजार अब एक नए चरण में पहुंच रहा है, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी और आर्थिक स्थिरता बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। जैसे-जैसे नए इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री विकसित होंगे, वैसे-वैसे वहां रोजगार बढ़ेगा और इसके साथ ही मकान खरीदने वालों की तरफ से मांग भी बढ़ेगी। इससे लोगों के लिए मकान का मालिक बनने के नए मौके खुलेंगे और उभरते शहरों में संतुलित व टिकाऊ शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। कमर्शियल रियल एस्टेट का विकास भी इस पूरे माहौल को मजबूत करेगा।' भारत का रियल एस्टेट बाजार अब एक नए चरण में पहुंच रहा है, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी और आर्थिक स्थिरता बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। जैसे-जैसे नए इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री विकसित होंगे, वैसे-वैसे वहां रोजगार बढ़ेगा और इसके साथ ही मकान खरीदने वालों की तरफ से मांग भी बढ़ेगी।

# पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे पश्चिम बंगाल में कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मार्च 2026 को इन पहलों का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य आधुनिक रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाना और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। इस अवसर का प्रमुख आकर्षण पुरुलियाझआनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का शुभारंभ होगा। यह ट्रेन पुरुलिया से आनंद विहार टर्मिनल तक चलेगी, जिससे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे छात्रों, श्रमिकों और यात्रियों के लिए यात्रा




अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाएगी। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम बंगाल के छह रेलवे स्टेशनों– कामाख्यागुरी रेलवे स्टेशन, तामलुक रेलवे स्टेशन, हल्दिया रेलवे स्टेशन, बरभूम रेलवे स्टेशन, अनारा रेलवे स्टेशन और सिउरी रेलवे स्टेशन–का पुनर्निर्माण कर उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इन स्टेशनों पर बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुगम आवागमन क्षेत्र और लिफ्ट-एस्केलेटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेल क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बेल्डा और दंतान के बीच लगभग 16 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की जाएगी। इससे इस व्यस्त मार्ग पर ट्रेनों के संचालन में सुधार होगा और भीड़भाड़ कम होगी। इसके अलावा कलाईकुंडा और कनिमोहुली के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली भी शुरू की जाएगी, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी और ट्रेनों की आवृत्ति में भी इजाफा होगा। रेलवे के अनुसार, वर्ष 2014 से अब तक पश्चिम बंगाल में 1,400 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे पटरियां बिछाई जा चुकी हैं और राज्य का पूरा रेलवे नेटवर्क अब 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुका है। राज्य में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगभग 93,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं विभिन्न चरणों में चल रही हैं। इन पहलों से न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि पूर्वोत्तर भारत को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली रेल कनेक्टिविटी भी और मजबूत होगी, जिससे क्षेत्रीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

# घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी के भाव में सुस्ती

**सोने का भाव 1.60 लाख, चांदी लगभग 2.66 लाख रुपए प्रति किलो**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिली। दोनों धातुओं की कीमतें आज गिरावट के साथ खुलीं और कारोबार के दौरान भी दबाव में रहीं। घरेलू कमोडिटी बाजार मल्टी कमो ?डिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल वायदा कॉन्ट्रैक्ट 20 रुपये की गिरावट के साथ 1,60,251 रुपये प्रति 10 ग्राम पर




खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 1,60,271 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 93 रुपये की गिरावट के साथ करीब 1,60,178 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,60,251 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,59,764 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस वर्ष सोने के वायदा भाव 1,80,779 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुके हैं। चांदी के वायदा भाव में भी आज कमजोरी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट 1,961 रुपये की गिरावट के साथ 2,66,001 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,67,962 रुपये था। इस समय यह 1,613 रुपये की गिरावट के साथ लगभग 2,66,349 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान चांदी ने 2,66,888 रुपये का उच्च स्तर और 2,66,001 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी के वायदा भाव 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं में नरमी का रुख बना हुआ है।

# झारखंड पुलिस के मिललक 1,485 आधुनिक वाहन, सीएम देखालयं हरीयर झंडी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राइज कर कानून-बेबस्था के आउर बेसी सुदृढ़ आउर ससक्त बनायेक कर उद्देस से आइज झारखंड बिधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में झारखंड पुलिस के कुल 1,485 आधुनिक वाहन के हरीयर झंडी देखाय के रवाना करलयं। ऊ रिमोट कर बटन दबाय के राइज कर बिभिन्न जिला में बनेक वाला 12 गो नवा थाना कर आधारसिला राखलयं। नियुक्ति पत्र कर बितरन करलयं। ई दौरान मुख्यमंत्री कहलयं कि पुलिस आधुनिकीकरन कर दिसा में ई एगो ऐतिहासिक मील कर पत्थर साबित होवी। 25 बछर में पहिल धांव एतई बड़ वाहन बेड़ा में सामिल करल जाए हे। ई जनता कर सुरछा आउर बिस्वास के आउर मजबूती प्रदान करी।












# प्रदान कर बोर्ड अध्यछ आउर उपाध्यछ देखलयं इंटरक्रॉपिंग खेती कर मॉडल

## कहलयं - लोहरदगा जिला बइन सकेला जैविक खेती में अगुवा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रदान संस्था कर बोर्ड अध्यछ एस. एम. विजयनंद (पूर्ब मुख्य सचिव, केरल आउर पूर्ब सचिव, पंचायती राज, भारत सरकार) आउर बोर्ड कर उपाध्यछ डॉ. रुक्मिणी बनर्जी (सीईओ एवं प्रमुख, प्रथम-संगठन) आउर प्रदान संस्था कर कार्यकारी निदेशक सरोज महापात्रो कुडू परखंड कर सलगी पंचायत इस्थित रोचो बरवाटोली गांव कर भ्रमन करलयं। ई दौरान सदस्यमन रोचो बरवाटोली में लोहरदगा में पहिल धांव इंटरक्रॉपिंग कर जरिये होवेक वाला इलायची, वेनिला आउर काली मिर्च कर खेती कर मॉडल के देखलयं। कहलयं कि लोहरदगा जिला जगन जैविक खेती में अगुवा आउर मॉडल बनेक कर सउब संभावना मौजूद आहे। ई अवसर में सलगी पंचायत कर मुखिया सुमित्रा देवी आउर बड़कीचांपी पंचायत कर प्रतिनिधि राजधन भगत भी ई भ्रमन में भाग लेते स्थानीय बिकास आउर पंचायत कर भविस ले अपन दृष्टि साझा करलयं। ई भ्रमन बिकसित होवेक वाला लोहरदगा मॉडल के परदरसित करेक कर उद्देस से आयोजित करल जाए रहे। इकर में समुदाय-नेतृत्वित बिकास, बिभिन्न बिभागमन कर बीच समन्वय आउर जलवायु-अनुकूल आजीविका उपरे बिसेस धेयान देल गेलक। ई गांव प्रदान कर गहन आरए-एपीसी क्लस्टर कर अंतर्गत आवेला।

### महिला सदस्यमन देलयं जानकारी

गांव कर महिला सदस्यमन बतालयं कि का लखे समुदाय कर जोगदान, सामूहिक प्रयास आउर बिभिन्न सरकारी बिभागमन कर संगे समन्वय कर माध्यम से गांव में बिभिन्न बिकासात्मक काम संचालित करल जात हे। महिला सदस्यमन द्वारा बीतल तीन बछर,बर्तमान इस्थिति आउर आगामी दस बछर में इकर प्रतिफल कर जानकारी सउब कर सामने राखलयं। बतालयं कि का लखे पुनयोर्जी कृसि तकनीक से मिट्टी कर सेहत में सुधार, परिवार कर स्वास्थ्य आउर पोसन में बिरधि आउर आय में बढ़ोतरी जैसन सकारात्मक परिनाम सामने आए हे।



### सदस्यमन अनुभव साझा करलयं

ई दौरान गांव कर महिला सदस्यमन बतालयं कि का लखे सउब स्वयं सहायता समूह से आगे बइढ़ के किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) आउर क्लस्टर स्तरीय महासंघ में नेतृत्वकारी भूमिका निभात हयं।

### इंटरक्रॉपिंग देइख होलयं प्रभावित

प्रस्तुति कर बाद बोर्ड कर सदस्यमन किसान उत्पादक द्वारा करल गेल पहल कर निरीछन करलयं। 27 एकड़ कर आम बागवानी कर संगे-संगे कर जायेक वाला अंतरवर्तीय खेती आउर पुआल मल्चिंग जैसन तकनीकमन कर सफल उपजोग से प्रभावित होलयं। इकर अलावे ऊ बैकयार्ड पोल्ट्री इकाइ, पोसन वाटिका, बिभिन्न मॉडल वाला पुनयोर्जी कृसि प्लॉट (जेकर में स्थायी राइज्डा बेड मॉडल भी सामिल आहे), बड़ पैमाना में पपीता बगान, ब्रॉयलर पोल्ट्री यूनिट आउर पुनयोर्जी कृसि नर्सरी कर भी निरीछन करलयं।

### मूल्य संवर्धित उत्पाद कर परदरसनी

छेतरीय भ्रमन कर बाद गोतियामन सीड बैंक, स्थानीय खाद्य पदार्थ आउर स्थानीय एफपीओ कर मूल्य संवर्धित उत्पाद कर परदरसनी कर अवलोकन करलयं। सउब हितधारकमन कर बीच एगो चर्चा आयोजित भेलक। ई दौरान विजयनंद आउर डॉ. रुक्मिणी बनर्जी महिला सदस्यमन कर आत्मबिसवास आउर स्पस्टता कर सराहना करलयं। ऊ सुझाव देलयं कि विलेज स्कोरकार्ड आउर बिभागीय समन्वय बिस्लेसन कर ई पद्धति अन्य पंचायत में भी अपनाल जाए सकेला।

### उपायुक्त कर पहल कर सराहना

बोर्ड कर सदस्यमन पंचायत आउर गांव स्तर में अपनाल जायेक वाला अभिसरण मॉडल (उङ्घल्ल५ीशॅल्लू टङ्गीं') कर भी सराहना करलयं। प्रदान टीम द्वारा प्रस्तुत बिकास दृष्टिकोन के समुदाय-नेतृत्वित आउर सहयोगात्मक बिकास कर एगो पुनरुत्पादित मॉडल कर रूप में देखलयं। विजयनंद उपायुक्त डॉ ताराचंद कर भूमिका कर भी सराहना करलयं।

### भ्रमण में ई भी रहयं मौजूद

आइज ई अवसर में प्रदान लोहरदगा टीम से टीम को-ऑर्डिनटर मोहम्मद फहद खान गोतियामन कर संगे समन्वय स्थापित करलयं। ई भ्रमन में जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला उद्यान पदाधिकारी सौरव लोहानी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मोहितोष पांडेय, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव आउर बड़ संख्या में गंवईयामन पहुंचल रहयं।







# ग्रेट इंडियन बस्टर्ड कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परिजोजना चौथा बछर में प्रवेस


## जीआईबी संरछन प्रयास ले महतपूर्न उपलब्धि : भूपेंद्र यादव

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआईबी) आपन कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम कर चौथा बछर में प्रवेस कइर लेइ हे। ई हप्ताह राजस्थान कर संरछन प्रजनन केंद्र में दू गो नवा चूजा कर जनम कर संगे, कैप्टिव अवस्था में पछीमन कर संख्या 70 होए जा हे।
केंद्रीय पर्याबरन, वन आउर जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सुकरवार के बतालयं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर पर्याबरन कर प्रति संवेदनसील नेतृत्व में देस ई परिजोजना के बड़ सफलता दिलायेक कर दिसा में सही डहर में आहे।
श्री यादव सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में एगो पोस्ट में ई उपलब्धि के साझा करते इके प्रोजेक्ट जीआईबी कर तहत हासिल करल गेलक एगो आउर महतपूर्न उपलब्धि बतालयं। श्री यादव कहलयं कि राजस्थान कर कैप्टिव ब्रीडिंग केंद्र में ई हप्ताह दू गो चूजा कर जनम होलक, जेकर में से एगो प्राकृतिक प्रजनन से आउर दूसर कृत्रिम गभार्धान से पैदा होए हे। श्री यादव इके प्रजाति कर संरछन प्रयास में एगो महतपूर्न उपलब्धि बताते कहलयं कि ई बछर पालल गेल कुछ चूज के जंगल में धीरे-धीरे छोड़ल जाई, जे ई परिजोजना ले एगो नवा चुनौतीपूर्न सुरुआत आहे। ऊ ई उपलब्धि ले राजस्थान वन बिभाग कर वन अधिकारीमन के भी बधाई देलयं।







## इसन तो भाइ



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

जोगाएक जिमा रहे
बिलाइर कर ,सेके
मुसा जोगाय लाइग हे,
सांप ले सुरछा कर बंदोबस्त
बेंग फच -फुच डेगे लाइग हे,
इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे।

कुकुर - कुकुर रोटी झगड़ा
बंदरा समझाय लाइग हे,
कउआ अपने करिया
गोर होवेक उपाइ दावाइ
बताय लाइग हे,
संतोष देईख मारे मुसकी
जनता उत्सव मनाय लाइग हे,
इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे।

इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे,
मछरी बउकला के
जोहे लाइग हे,
इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे।

गुंगा देवथे भासन
गीते बहिरा झुमे लाइग हे,
नाचथे लांगड़ा
आंधरा फोटो लेवे लाइग हे,
इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे।

इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे,
मछरी बउकला के
जोहे लाइग हे,
इसन तो भाइ आब
होवे लाइग हे।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com